BORDERNEWSMIRROR
BNM
to the point...
Thursday
12-05-2022
www.bordernewsmirror.com
www.bordernewsmirror.com
Only bilingual Newspaper
₹5

### सोशल मीडिया में छाईं मानुषी छिल्लर

पृथ्वीराज से डेब्यू कर रहीं साल 2017 में मिस वर्ल्ड रहीं मानुषी छिल्लर की अदाकारी की बेहद तारीफ हो रही है। 11

### सपना चौधरी ने लखनऊ कोर्ट में किया सरेंडर

एक मामले में वांछित मशहूर डांसर सपना चौधरी ने मंगलवार को अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण किया। 11



### सांसद नुसरत जहां समंदर किनारे हुईं बोल्ड

नुरसत अपनी बोल्ड पर्सनैलिटी के लिए भी जानी जाती हैं। अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर इंटरनेट का पारा हाई करती रहती हैं। 11

### नीतू ने रोमानिया की डुटा को हराया

आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 48 किग्रावर्ग में भारत की नीतू ने अपना पहला मुकाबला जीत लिया। 10



## BRIEFLY

### चक्रवात 'असानी' ने आंध्र प्रदेश में किया प्रवेश, रेड अलर्ट जारी

विशाखापट्टनम। बंगाल की खाड़ी में उठा तूफान 'असानी' बुधवार को एक भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील होते हुए आंध्र प्रदेश में प्रवेश कर गया। तूफान राज्य के मछलीपट्टनम के निकट और नरसापुर के बीच 50 किलोमीटर अंदर केंद्रीकृत है। ताजा जानकारी मिलने तक तूफान उत्तर ईशान्य दिशा में 6 किलोमीटर की रफ्तार से बड़ रहा है। तूफान के आंध्रप्रदेश के मछलीपट्टनम से काकीनाडा होकर विशाखापट्टनम समुद्र में कमजोर होकर ओडिसा और बंगाल की तरफ दिशा बदलने का अनुमान है। मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि राज्य में दोपहर को नरसापुरम, पश्चिम गोदावरी और काकीनाडा में 85 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं और भारी बारिश हुई। इधर, आंध्र प्रदेश में 'असानी' चक्रवात को लेकर रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। प्रदेश के काकीनाडा में असानी चक्रवात के कारण तेज हवाएं चल रही हैं। समुद्र में ऊंची लहरें उठ रही हैं। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में सुबह से ही बारिश हो रही है। मुख्यमंत्री ने आठ जिले के अधिकारियों को सतर्क रहने के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी ने अपनी समीक्षा बैठक में जिलाधीश को आदेश दिए हैं कि तटवर्ती इलाकों में चक्रवात तूफान से जनता को सुरक्षित रखने के लिए स्थानीय स्कूल, कॉलेज और कम्युनिटी हॉल का उपयोग किया जाए। साथ ही मुख्यमंत्री पीड़ित परिवारों को दो हजार रुपये के मुआवजा की घोषणा की।

## Trending News

### कुतुब मीनार परिसर में पूजा के अधिकार की मांग वाली याचिका पर 17 मई को होगी सुनवाई

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। दिल्ली के साकेत कोर्ट ने कुतुब मीनार परिसर में मौजूद कुव्वुतुल इस्लाम मस्जिद में हिंदू देवताओं की पुनर्स्थापना और पूजा का अधिकार की मांग करने वाली याचिका की सुनवाई टाल दी है। इस मामले पर अगली सुनवाई 17 मई को होगी। कोर्ट ने 13 अप्रैल को एएसआई को निर्देश दिया था कि वो कुतुब मीनार परिसर में मौजूद कुव्वत उल इस्लाम मस्जिद परिसर में रखी हुई भगवान गणेश की मूर्तियों को परिसर से ना हटाए। इस मामले में पहले से ही पूजा अर्चना अधिकार को लेकर याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता ने नई अर्जी में कहा है कि गणेश जी की मूर्तियों को नेशनल म्युचुअल अथॉरिटी के दिये सुझाव के मुताबिक नेशनल म्यूजियम या किसी दूसरी जगह विस्थापित नहीं किया जाना चाहिए। इसके बजाय उन्हें परिसर में ही पूरे सम्मान के साथ उचित स्थान पर रखा जाए। वकील विष्णु जैन के जरिये दायर मुख्य याचिका में कहा गया है कि हिंदुओं और जैनों के 27 मंदिरों को तोड़कर ये मस्जिद बनाई गई है। जैन तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव और भगवान विष्णु को इस मामले में याचिकाकर्ता बनाया गया था। 29 नवंबर, 2021 को सिविल जज नेहा शर्मा ने याचिका खारिज कर दी थी। सिविल जज के याचिका खारिज करने के आदेश को डिस्ट्रिक्ट जज की कोर्ट में चुनौती दी गई है।



# विश्वेश्वरैया भवन में लगी आग का मुख्यमंत्री ने लिया जायजा

बीएनएम@पटना

पटना। विश्वेश्वरैया भवन में बुधवार सुबह लगी आग का जायजा लेने शाम को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विश्वेश्वरैया भवन अधिकारियों के साथ पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से भवन में आग लगने के कारण के बारे में पूछा और नुकसान के बारे में जाना। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से सुबह में लगी आग अब तक नहीं बुझने का कारण भी पूछा। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये। इससे पूर्व राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेजप्रताप भी यहां पहुंच चुके थे, जिन्होंने इसे सरकार की सोंची-समझी साजिश करार दिया है। उल्लेखनीय है कि विश्वेश्वरैया भवन में बुधवार सुबह करीब साढ़े सात बजे आग लगी थी लेकिन 10 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी भवन से धुआं निकलता दिखा। विश्वेश्वरैया भवन में राज्य के आधा दर्जन विभागों का कार्यालय मौजूद है। विश्वेश्वरैया भवन में लगी भीषण आग को बुझाने और राहत एवं बचाव कार्य को तेजी से चलाने के लिए एनडीआरएफ की टीम की मदद ली जा रही है। पटना के जिलाधिकारी डीएम चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि भवन में रेनोवेशन का काम चल रहा था। उन्होंने कहा कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। आग का फैलाव ज्यादा होने पर एनडीआरएफ की टीम को मौके पर बुला लिया गया है। आग का सबसे ज्यादा असर तीसरी से पांचवीं मंजिल में हुआ है। जैसे ही सूचना मिली फायर ब्रिगेड को भेजा गया। सातवीं मंजिल पर 2 बच्चे फंसे हुए थे, जिन्हें निकाल लिया गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को मप्र स्टार्टअप नीति को वर्चुअली करेंगे लांच



बीएनएम@भोपाल

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार (13 मई) को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति को वर्चुअली लांच करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विशेष तौर पर मौजूद होंगे। मप्र स्टार्टअप नीति 2022 की अनेक विशेषताएं हैं, जो इसे देश में अलग पहचान देती है। संस्थागत रूप से विषय-विशेषज्ञों के साथ मध्य प्रदेश स्टार्टअप सेंटर की स्थापना, मजबूत ऑनलाइन पोर्टल का विकास, राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय तकनीकी और प्रबंधन संस्थानों सहित विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों से आवश्यक शैक्षणिक सहायता का आदान-प्रदान का प्रावधान नीति में किया गया है। एमएसएमई सचिव पी. नरहरि ने बुधवार को उक्त जानकारी देते हुए बताया कि विपणन के क्षेत्र में अब नीति अनुसार अनुभव से संबंधित छूट में एक करोड़ रुपये तक का प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार की निविदाओं और अनुरोध के प्रस्ताव के लिए जमानत तथा बयाना जमा राशि से छूट के साथ ही स्टार्टअप को केन्द्र से ट्रेड्स प्लेटफॉर्म से जोड़े जाने का महत्वपूर्ण प्रावधान है।

## दिल्ली : अभिनेत्री जैकलीन की विदेश जाने वाली याचिका पर कोर्ट ने ईडी को जारी किया नोटिस

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिवेंद्र सिंह की पत्नी अदिति सिंह से कथित तौर पर 200 करोड़ रुपये की ठगी के मामले की आरोपित अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की विदेश जाने की इजाजत देने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। स्पेशल जज प्रवीण सिंह ने ईडी को 18 मई तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। जैकलीन ने कोर्ट से अबू धाबी, दुबई, नेपाल और फ्रांस की 15 दिनों की यात्रा पर जाने की अनुमति मांगी है। याचिका में कहा गया है कि विदेश यात्रा पर जाने के लिए उनका पासपोर्ट रिलीज किया जाए। जैकलीन ने कहा है कि वो श्रीलंका की नागरिक हैं और भारत में 2009 से रहती आ रही हैं। अच्छा-खासा नाम होने की वजह से उसे कई कार्यक्रमों, प्रेस कांफ्रेंसों और रिहर्सल में शामिल होना पड़ता है। सुनवाई के दौरान जैकलीन की ओर से पेश वकील अजीत सिंह ने कहा कि ईडी इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है, लेकिन ईडी ने बिना किसी वजह के जैकलीन का पासपोर्ट जब्त कर रखा है। बिना पासपोर्ट मिले वो विदेश की यात्रा पर नहीं जा सकेगी।जैकलीन ने कहा है कि उसे 17 से 28 मई के बीच में फ्रांस में आयोजित होने वाले कांस फिल्म फेस्टिवल में भी हिस्सा लेना है।



# परिवार कल्याण कार्यक्रम से राज्य के विकास में मिलेगी मददः मंगल पांडेय




एक दिवसीय वार्षिक कार्यशाला के दौरान बिहार सरकार में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय

बीएनएम@पटना

पटना। बिहार सरकार में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बुधवार को परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत राज्य स्तरीय एक दिवसीय वार्षिक कार्यशाला के दौरान यहां कहा कि परिवार कल्याण कार्यक्रम से राज्य के विकास में मदद मिलेगी। आबादी बढ़ने से सरकार के खजाने पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है।मंत्री पांडेय ने कहा कि आजादी के समय से ही सरकार परिवार नियोजन को लेकर कार्य करती रही है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए परिवार नियोजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। समय-समय पर कार्यक्रमों में कुछ बदलाव जरूर हुए, मगर उद्देश्य एक ही रहा परिवार नियोजन। इससे मानव जीवन के स्तर को बेहतर करने में मदद मिलेगी। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व आधारभूत संरचनाओं के उचित विकास के प्रति बेहतर कार्य हो पाएंगे। साथ ही राज्य और देश दुनिया के अन्य विकसित देशों की तुलना में आगे बढ़ेंगे। मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार का जनसंख्या का घनत्व देश की आबादी की तुलना में लगभग तीन गुणा अधिक है।यदि जमीन कम होगा और आबादी अधिक होगी तो उसका असर कृषि पर भी पड़ेगा। यदि देश व राज्य को विकसित करना होगा तो परिवार नियोजित करना ही होगा। इसके लिए जितने भी उपाय हों उसे करना आवश्यक है। सरकार नीतियां बनाती हैं, मगर उसे जमीन पर उतारने की जिम्मेदारी विभाग के सभी कर्मियों की होती है। सरकार की सभी योजनाओं को फलीभूत करने के लिए मिलकर कार्य करना होगा।2005 में कुल प्रजनन दर जहां 4.2 था, वहीं आज 17 वर्षों के बाद वह 3.0 है। यदि हमें परिवार कल्याण कार्यक्रम के प्रति सफलता हासिल करनी है, तो उसके लिए प्रजनन दर को 2.0 पर लाना होगा। यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसे स्वीकार करना होगा और मिलकर स्वास्थ्य सेवा संबंधी सभी कार्यों को जनता तक पहुंचाना होगा। मंगल पांडेय ने कहा कि आप सभी ने बेहतर कार्य किया है। आगे भी ऐसा कार्य होता रहे। आशा बहनों को भी जागरूक कर परिवार कल्याण कार्यक्रम में मदद ले सकते हैं। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रमंडल और जिलों के वरीय स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों को मंत्री ने प्रतीक चिह्न प्रदान किया।

## NEWS IN BRIEF

### अमर पासवान ने विस सदस्य की ली शपथ

पटना। विधानसभा अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बुधवार को बोचहां विधानसभा से उप चुनाव में जीते राजद उम्मीदवार अमर पासवान को विधानसभा सदस्य की शपथ दिलायी। इस मौके पर विधायक अमर पासवान के साथ बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, राजद विधायक ललित नारायण यादव, अमर पासवान की पत्नी समेत पार्टी के कई नेता मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि पिछले माह बोचहां विधानसभा का उप चुनाव हुआ था। इसमें राजद के अमर पासवान ने भाजपा प्रत्याशी बेबी कुमार को भारी अंतर से पराजित किया था। करीब साढ़े 36 हजार वोटों से अमर पासवान ने जीत हासिल की थी।

### आवारा कुत्तों ने ले ली महिला की जान

बेगूसराय। बेगूसराय में आवारा कुत्तों के झुंड ने बुधवार को एक महिला की जान ले ली। घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र के कादराबाद की है। जहां खेत में काम कर रही स्थानीय निवासी नाथो दास की पत्नी जानकी देवी को आवारा कुत्तों ने घेर लिया तथा पूरे शरीर पर बुरी तरह से काटकर घायल कर दिया। हल्ला सुनकर दौड़े स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए बछवाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर रहने के कारण डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त महिला अपने खेत में गेहूं का भूसा उठा रही थी, तभी मकई के खेत में बैठे आठ-दस आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। कुत्तों के नोचने के दौरान उक्त महिला द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तथा महिला को इलाज के लिए ले जाया गया था।

# नेपाल में चुनाव और भारत मे सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

बीएनएम@अररिया

अररिया। नेपाल में 13 मई को नगर निकाय चुनाव है।चुनाव को लेकर न केवल नेपाल बल्कि नेपाल से सटे भारतीय इलाकों में भी सुरक्षा एजेंसी चौकस है।नेपाल नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर आज अररिया के सिकटी के नेपाल सीमा क्षेत्र से सटे भारतीय परिक्षेत्र में सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया।जिसमे बिहार पुलिस के अधिकारी और जवान सहित सीमा पर तैनात एसएसबी के जवांनों ने भी भाग लिया। नेपाल से सटे एसएसबी के 20 बॉर्डर आउट पोस्ट इलाके में फ्लैग मार्च किया गया। सीमाई इलाकों में नेपाल के तरफ नेपाली पुलिस की ओर से भी फ्लैग मार्च में सहयोग किया गया और नेपाल पुलिस के अधिकारियो ने एसडीपीओ से मुलाकात कर चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था संधारण और लोगों के आवाजाही को लेकर अपील की गई।

# पुलिस ने नशीला पदार्थ, 3.79 लाख रुपये नगद व सोना-चांदी किया बरामद

बीएनएम@गया

गया। जिला में चाकंद थाना क्षेत्र से पुलिस ने नशीला पदार्थ, नगद ,सोना-चांदी बरामद किया है।इस मामले में एक व्यक्ति को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बुधवार को प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चाकंद थाना क्षेत्र के चाकंद रेलवे स्टेशन बाजार के समीप प्रवेश सिंह के द्वारा नशीले पदार्थ का धंधा किया जा रहा है। इसके बाद एक स्पेशल टीम का गठन किया गया। जिसमें चाकंद व बेलागंज थाना की पुलिस के द्वारा संयुक्त रुप से प्रवेश सिंह के फर्नीचर दुकान में छापामारी की गई। मनीष कुमार ने बताया कि इस छापेमारी में ढाई किलोग्राम गांजा, 10 पुड़िया हिरोइन, एक मोबाइल व एक बाइक जब्त किया गया। इस मामले में पुलिस ने प्रवेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। प्रवेश सिंह के निशानदेही पर पुलिस ने चाकंद थाना क्षेत्र के ही चाकंद स्टेशन के समीप मनोज कुमार के घर में छापामारी की। जहां से सात ग्राम हीरोइन, डेढ़ किलो चांदी, 400 ग्राम सोना, तीन लाख 79 हजार 500 रुपये नगद बरामद किया। इस दौरान मनोज कुमार भागने में सफल रहा। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार प्रवेश सिंह का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

# किशनगंज के नये डीएम श्रीकांत शास्त्री ने पदभार ग्रहण किया

बीएनएम@किशनगंज

किशनगंज। किशनगंज जिला समाहरणालय में नए जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बुधवार को योगदान दिया ।उन्होंने जिलाधिकारी डॉ. आदित्य प्रकाश से विधिवत् विभागीय चार्ज स्वीकार किया। जिलाधिकारी शास्त्री ने कहा कि यह सीमावर्ती जिला है इस नाते सीमा क्षेत्र सहित जिले में विधि -व्यवस्था पर विशेष ध्यान रहेगा।उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लोगों को सुलभ कराना मेरी प्राथमिकता भी होगी।खासकर उन अंतिम पायदान के व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि आर्थिक अपराध और भ्रष्टाचार मामले के लिए जीरों टोलरेंश नीति निर्धारित रहेगी। उल्लेखनीय है कि पदस्थ जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने पटना से शिक्षा निदेशक के पद से स्थानान्तरित होकर किशनगंज डीएम का पदभार संभाला है और यहां के जिलाधिकारी रहे डॉ. आदित्य प्रकाश कृषि विभाग के निदेशक बनाये गये है।



# पूर्व जिप अध्यक्ष रेणु देवी भाजपा में शामिल



बीएनएम@पटना

पटना। बिहार में पश्चिमी चंपारण जिले के नरकटियागंज से दो बार जिला पार्षद तथा बेतिया जिला परिषद् की पूर्व अध्यक्ष रेणु देवी बुधवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ.संजय जयसवाल समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष रेणु देवी का भाजपा में आने से पार्टी को मजबूती प्रदान होगी। इनका स्थानीय स्तर पर अच्छी पकड़ है। वे पहले भी भाजपा की सदस्य रह चुंकी है। किसी कारण वस पार्टी से अलग थी, पुनः भाजपा में शामिल हुई हैं। इनके आगमन से खासकर बेतिया जिले में पार्टी का जनाधार बढ़ेगा। श्रीमती रेणु देवी पूर्व में भाजपा उम्मीदवार के रूप में नरकटियागंज से विधानसभा का चुनाव लड़ीं हैं। संजय जयसवाल ने कहा कि विपक्ष के नेता मुंगेरीलाल के सपने देख रहें है। पैदल चलेंगे तो स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। केन्द्र की जनगणना पर भाजपा का मानना है कि हमारी प्राथमिकता गरीब है। केन्द्र सरकार गरीबों की योजना चलाती है। 1990 से 2005 के समय की स्थिति बिहार में नहीं आने वाली है। बिहार फिर से अंधकारमय होगा यह कतई संभव नहीं। बिहार विकास के रास्ते पर चल पड़ा है। बिहार के विकास को कोई रोक नहीं सकता है। एनडीए की सरकार बिहार में विकास के नये आयाम गढ़ रहीं है। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रुप से सरोज जायसवाल, शम्भु नाथ गुप्ता, नरकटियागंज पंचायत समिति सदस्य कृपा साह, बच्चा पंडित, उमेष चौरसिया, भीखारी वर्णवाल, रानी सिंह, गीता देवी, रुबीना खातुन आदि हैं।सदस्यता ग्रहण समारोह में राज्यसभा सांसद सतीष चन्द्र दूबे, बिहार सरकार के मंत्री रामसूरत राय, विधायक विजय खेमका, मंचन केसरी, भाजपा मीडिया प्रभारी राकेष कुमार सिंह, अषोक भट्ट, राजेष झा राजू, बेतिया जिलाध्यक्ष दीपेन्द्र सर्राफ उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने विश्वेश्वरैया भवन में लगी आग की जांच के दिए आदेश



बीएनएम@पटना

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के जवाहर लाल नेहरु मार्ग पर स्थित विश्वेश्वरैया भवन (जिसे तकनीकी सचिवालय भी कहा जाता है) में बुधवार को भीषण आग लगने की घटना के जांच के आदेश दिए हैं। आग में ग्रामीण कार्य विभाग का कार्यालय पूरी तरह से जल गया है। विश्वेश्वरैया भवन में लगी आग का मुआयना करने के पश्चात पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि सुबह भवन में आग की सूचना मीडिया के माध्यम से मिली। इसके बाद फिर तीन बजे दोपहर में आग लगने की बात सामने आने पर मैं स्वयं मुआयना करने आया कि आखिर ऐसा क्यों हुआ। जो लोगों इस आग बुझाने के कार्य में थे उसने कहा कि काम में किसी तरह की कोताही नहीं बर्दाश्त की जायेगी। इतनी देर तक आग लगना यह अच्छी बात नहीं। आगे के लिए इस तरह की घटना न घटे इसको लेकर एहतियात बरता जायेगा। नीतीश कुमार ने अधिकारियों से इस बात की जानकारी ली है कि आग किस वजह से लग सकती है। बताया जा रहा है कि शार्ट सर्किट की वजह से पांचवी मंजिल पर आग लगी लेकिन मुख्यमंत्री ने इस पूरे मामले में जांच के आदेश दे दिए हैं। आग लगने की घटना के बाद विपक्ष इस मामले को लेकर भी सवाल उठा रहा है कि कहीं दस्तावेज खत्म करने के लिए तो कोई साजिश नहीं रची गई। इस आग से कार्यालय के रिकॉर्ड और उपकरणों को भारी नुकसान हुआ है। इमारत में फंसे कुछ मजदूरों को दमकल विभाग ने बचा लिया। नए भवन के परिसर में 2021 से निर्माण कार्य चल रहा है। इस भवन में बिहार राज्य योजना बोर्ड, ग्रामीण निर्माण विभाग, सड़क निर्माण विभाग, लघु जल संसाधन विभाग आदि सहित छह से अधिक विभागीय कार्यालय हैं। पाटन सदर एसडीओ नवीन कुमार के मुताबिक आग सुबह करीब साढ़े सात बजे लगी। एक सुरक्षा गार्ड ने इमारत की पांचवीं मंजिल से धुआं निकलते देखा, जिसके बाद उसने दमकल विभाग को फोन किया। हाइड्रोलिक सीढ़ी के साथ छह से अधिक दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया गया। दमकलकर्मियों का कहना है कि अगर आग निचली मंजिलों तक पहुंचती तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

## NEWS IN BRIEF

### गला दबाकर मां की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

पटना/डेहरी आन सोन। बिहार में रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र अंतर्गत हसना डीह गांव में मंगलवार की देर रात एक बेटे ने मां की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका 40 वर्षीय लाखो देवी कोचस थाना क्षेत्र के विशोपुर गांव निवासी राधा साह की पत्नी थीं। आस-पड़ोस के लोगों ने आरोपित बेटे प्रिंस कुमार को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा है। घटना के बारे में पड़ोसी जगरनाथ साह ने बुधवार को बताया कि पिता का आचरण ठीक नहीं होने की वजह से बचपन से ही प्रिंस को उसकी मां साथ लेकर मामा गांव हसना डीह में रहती थी। कई दिनों पूर्व से प्रिंस अपनी मां के साथ मारपीट कर रहा था। प्रिंस और उसकी मां और नानी ही घर पर रहते थे। आरोपित के नाना की पूर्व में ही मृत्यु हो गई है तथा मामा और मामी मधेपुरा में नौकरी करते हैं।

### विरोध करने पर उसने नानी को भी मारपीट कर घायल

घटना के वक्त भी यही तीनों घर में मौजूद थे। देर रात खान खाकर मां नानी के साथ कमरे में सो रहे थे तभी प्रिंस दरवाजा खुलवा कर उनके साथ मारपीट करने लगा। विरोध करने पर उसने नानी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। प्रिंस ने मां की घर के आंगन में ही गाला दबाकर हत्या कर दी। आरोपित एकलौता पुत्र है। घटना को अंजाम दे भाग रहे प्रिंस को पकड़कर आस पड़ोस के लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने गांव पहुंच आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

## भ्रष्टाचार की फाइल जलाने के लिए लगाई गई आग : तेजप्रताप

बीएनएम@पटना

पटना। पटना के विश्वेश्वरैया भवन में आज सुबह लगी भीषण आग पर अब तक पूरी तरह काबू भी नहीं पाया गया है कि इसपर राजनीति शुरु हो गयी है। राजद सुप्रीमो लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव घटना के बाद विश्वेश्वरैया भवन पहुंचे। उन्होंने आग लगने पर नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि यह आग लगी नहीं है, बल्कि लगाई गयी है। तेजप्रताप ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार की फाइल को जलाने के लिए आग लगाई गयी है। उल्लेखनीय है कि विश्वेश्वरैया भवन में आज सुबह ही भीषण आग लग गई, जिस पर अभी तक पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। बिल्डिंग में आग रह- रहकर धधक रही है। आग बुझाने के लिए एयरपोर्ट से हाइड्रोलिक मशीन मंगवाई गई है और रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ की भी मदद ली गयी है।

## बरसात के पूर्व बिहार की सभी सड़कों को दुरुस्त कर दिया जायेगा: नीतिन नवीन

बीएनएम@पटना

पटना। प्रदेश भाजपा कार्यालय में सहयोग कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बुधवार को कहा कि बरसात के पूर्व बिहार की सड़कों को दुरुस्त कर दिया जायेगा।केन्द्र एवं राज्य सरकार बिहार में सड़क, पुल-पुलियों का जाल बिछाने में लगी है। सड़क एवं पुल-पुलियों के निर्माण एवं गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।नीतिन नवीन ने कहा कि केन्द्र सरकार बिहार में सुगम यातायात व्यवस्था के लिए बड़े पैमाने पर सड़को के निर्माण दृढ़ संकल्पित है। मौके पर बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री रामसूरत राय ने भाजपा कार्यालय के सहयोग कार्यक्रम में कहा कि जमीन को अवैध रुप से कब्जा करने वाले को विभाग नहीं छोड़ेगी। राज्य सरकार अवैध कब्जा करने वाले तथा आम लोगों को बेवजह परेशान करने वाले अराजक तत्वों से सख्ती से निपटेगी। गलत करने वाले बचेंगे नहीं। सरकार की मंशा स्पष्ट है अवैध कब्जाधारियों पर सरकार की निगाह है। ऐसे लोग इस तरह के कार्य से बाज आयें।एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर में पंचायत भवन के मामले में जांच की जा रही है। नेता प्रतिपक्ष के पैदल मार्च की घोषणा पर कहा कि स्वास्थ्य के लिए पैदल चलना ठीक है।

## तेजस्वी यादव पैदल चलेंगे तो उनका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा : संजय

बीएनएम@पटना

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के जातीय जनगणना के मुद्दे पर पटना से दिल्ली तक पैदल मार्च के मुद्दे पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने तेजस्वी को सलाह देते हुए कहा है कि तेजस्वी यादव पैदल चलेंगे तो उनका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वे मुंगेरी लाल के सपने देख रहे है कि 1990 और 2005 के समय बिहार अंधकार के समय में जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं होगा। मुख्यमंत्री की ओर से जातिगत जनगणना के मुद्दे पर दिये गये बयान पर उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री जी का स्टैंड क्लियर है।' केंद्र की जनगणना पर भाजपा का साफ कहना है कि हमारी प्रथमिकता गरीब है। केंद्र सरकार गरीबों के लिए योजना चलाती है। बता दें कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुलाकात करने के लिए आज शाम को सीएम कार्यालय बुलाया है। बीते कल यानि मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जातीय जनगणना नहीं कराने का आरोप लगाया था। साथ ही तेजस्वी ने इसके लिए मुख्यमंत्री को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया था।



## उपमुख्यमंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा



बीएनएम@मुंगेर

मुंगेर। मुंगेर समाहरणालय सभागार में उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, विकास एवं नगर निकाय से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आज आयोजित की गई। मौके पर पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी सहित विधायक तारापुर, राजीव सिंह, मुंगेर प्रणव कुमार और जमालपुर के डॉ अजय सिंह मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री ने आंतरिक संसाधनों की समीक्षा में विभागवार लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि की समीक्षा की। विगत दो वर्षों का लगान वसूली के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों से [illegible] वित्तीय वर्ष में सभी विभागों द्वारा [illegible] वर्ष की तुलना में लक्ष्य अनुरुप अबतक उपलब्धि हासिल किया गया है। राष्ट्रीय बचत, राज्यकर वाणिज्य, विद्युत, निबंधन, परिवहन, नगर निगम, नगर परिषद, माप तौल, मत्स्य, सहकारिता आदि के पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष उपलब्धि को रखा। उप मुख्यमंत्री ने सभी विभाग को निर्देश दिया कि शत प्रतिशत लक्ष्य के अनुरुप उपलब्धि हासिल करे। किसी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरते। जिला परिवहन पदाधिकारी को समन की राशि वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार माप तौल के पदाधिकारियों का नियमित रुप से समीक्षा करने का निर्देश वरीय पदाधिकारी को दिया गया। भू राजस्व की ऑनलाइन वसूली में भी तेजी लाने का निदेश दिया गया। जल जीवन हरियाली योजना अन्तर्गत है। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना अंतर्गत नगर परिषद जमालपुर में अबतक कुल 604 लाभुकों के आवास योजना की स्वीकृति प्राप्त हुई है। वर्तमान में 121 लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि की भुगतान किया जा रहा है। इसे लेकर आज माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा 10 लाभुकों प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना अंतर्गत 50-50 हजार की राशि दी गयी है। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना में उप विकास आयुक्त ने बताया कि 25 हजार से अधिक परिवारों को स्वीकृत किया गया है। जिसमें से 21 हजार से अधिक लोगों ने पूर्ण कर लिया है। सामुदायिक शौचालय केन्द्र निर्माण को लेकर अभी प्रत्येक पंचायत में 03 सामुदायिक शौचालय केन्द्र निर्माण कार्य की योजना चल रही है। 297 के विरुद्ध 200 शौचालय केन्द्र के लिए जमीन चिह्नित और जिसमें से 127 पूर्ण है।

# बिजली विभाग के एसडीओ मुकेश कुमार के विरुद्ध कुर्की इश्तेहार का आदेश जारी , हड़कंप





फ़ाइल फोटो

बीएनएम@सागर सूरज

मोतिहारी। सीतामढ़ी के बैरगनिया में पदस्थापित बिजली विभाग के एसडीओ मुकेश कुमार के विरुद्ध मोतिहारी के एक न्यायालय ने फरार घोषित करते हुये इश्तेहार और कुर्की जप्ती का आदेश दिया है। मुकेश कुमार मोतिहारी के एक मामले में नगर थाने से जमानत लेकर फरार है। कोर्ट ने पहले जमानती वारंट जारी किया। हाज़िर नहीं होने पर गैर जमानती वारंट जारी किया। फिर भी अधिकारी जब कौर्ट के आदेश का पालन नहीं किये तो उनके विरुद्ध कुर्की जप्ती और इश्तेहार भी जारी कर दिया। पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता मनोज कुमार ने कहा कि मुकेश कुमार जब मोतिहारी में जूनियर इंजिनियर के पद पर कार्यरत थे, उसी समय मीटर नहीं लगाने एवं पैसे की मांग करने एवं मार पीट करने के मामले में मोतिहारी के राजा बाज़ार के एक व्यक्ति द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की जाँच करते हुये घटना को सत्य पाया था और मुकेश कुमार के विरुद्ध आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया था। मामले में वरीय अधिकारियों ने उन पर विभागीय कार्रवाई भी की थी और सस्पेंड भी किया लेकिन बाद में मुकेश कुमार ने सेटिंग गेटिंग के माध्यम से अपना प्रमोशन पा लिया था | अभी मुकेश कुमार एडइ के पद पर कार्यरत है। बता दें कि मामला मोतिहारी द्वितीय क्लास मजिस्ट्रेट राहुल प्रकाश के कोर्ट से सम्बंधित है जहाँ से पूर्व में ही कई बार मुकेश के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी हो चूका है। उल्लेखनीय है कि मुकेश कुमार जब मोतिहारी के बिजली विभाग के जूनियर इंजिनियर के पद पर कार्यरत थे तब कई तरह के विवादों में रहे। उन पर अवैध उगाही सहित कई गंभीर आरोप लगते रहे अंत में इस मामले में वे बुरी तरह फंस गए और मुकदमा और ससपेंसन तक झेलना पड़ गया। इधर पीड़ित व्यक्ति ने नाम न छापने के शर्त पर कहा की मेरे मामा के घर में बिजली का कनेक्शन मिल गया था लेकिन एक साल से मीटर को लेकर रुपये की मांग की जा रही थी और पूछने पर मेरे साथ अभद्र व्यवहार किया गया था।

## NEWS IN BRIEF

### बूस्टा महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

मोतिहारी। मुंशी सिंह महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में आगामी 22मई को होने वाले बूस्टा महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर बुधवार को एक आवश्यक बैठक प्राचार्य प्रो.(डॉ.) अरुण कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें कई प्रकार के निर्णय लिए गए। इस सम्मेलन के प्रथम सत्र में उद्घाटन के बाद "नई शिक्षा नीति और इसकी चुनौतियां" विषय पर विद्वान शिक्षकों द्वारा गंभीर विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद केदारनाथ पांडेय, प्रो. (डॉ.) वीरेंद्र नारायण यादव, प्रो. (डॉ.) संजय कुमार सिंह सहित अनेक अकादमिशियन भागीदारी करेंगे। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में बिहार यूनिवर्सिटी सर्विस टीचर्स एसोशियेशन का चुनाव संपन्न होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय इकाई के अध्यक्ष डॉ.मयंक कपिला, सचिव डा.आर.आर.झा, डा.शिखा राय, डॉ.अमित कुमार, प्रो. अमरजीत कुमार चौबे, प्रो. एम.एन.हक, डॉ.रंजन कुमार, डॉ.शफीकुर्रहमान, दिलीप सिंह, सुनील सिंह, प्रमोद सिंह, प्रो. इकबाल हुसैन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर एक स्मारिका का विमोचन भी संपन्न होगा।यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्राचार्य प्रो.अरुण कुमार ने दी है।

### नगर निगम के लिए 19 आपत्ति दर्ज कराई

मोतिहारी। मोतिहारी नगर निगम व चकिया नगर परिषद के परिसीमन के बाद प्रकाशित प्रारुप के विरुद्ध दावा-आपत्ति लेने का समय बुधवार की शाम समाप्त हो गया। मोतिहारी के लिए 19 तो चकिया के लिए सात दावा-आपत्ति आया है। जिसे निराकरण के लिए संबंधित एसडीओ के पास भेजा जा रहा है। एसडीओ उसपर अपने स्तर से निर्णय लेंगे। 20 मई तक आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा।

## फंदे से लटकती मिलीं दो सगी बहनों की शव

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। बिहार के पूर्वी चंपारण में दो लड़कियों ने सुसाइड कर लिया है। बंजरिया थाना क्षेत्र में दो सगी बहनों के शव संदिग्ध अवस्था में घर में फंदे से लटकते हुए मिले हैं। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों बहनों के शव को कब्जे में ले लिया है। मृतका की मां की मौत भी वर्ष 2014 में संदिग्ध हालत में हो गई थी। मृतका की बड़ी बहन मुस्कान कुमारी और सुनीती कुमारी के पिता चंद्रशेखर सिंह उर्फ बब्लू सिंह ने पत्नी की मौत के बाद वर्ष 2016 में दूसरी शादी की थी। मिली जानकारी के अनुसार सोतेली मां के आने के बाद दोनों बहनों को प्रताड़ित किए जाने की बात बतायी जा रही है। इधर मृतका के मामा को घटना की जानकारी हुई तो वे लोग मौके पर पहुंचे और अपनी भगिनी की मौत के लिए मृतक के पिता को जिम्मेदार बताते हुए उसके साथ मारपीट की।

## अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने निबंधन कार्यालय का निरीक्षण किया

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक एक दिवसीय दौरा पर देर शाम मोतिहारी पहुंचे। केके पाठक ने जिला निबंधन कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पूर्व उन्होंने उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की समीक्षात्मक बैठक की जिस दौरान उन्होंने कई सख्त निर्देश दिए। बैठक में डीएम शीर्षत कपिल अशोक, उत्पाद अधीक्षक, सभी छह अनुमंडल के एसडीओ और डीएसपी के अलावा कई अधिकारी शामिल हुए। मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने उत्पाद एवं मद्य निषेध के बैठक में मार्च एवं अप्रैल माह में पुलिस एवं उत्पाद विभाग द्वारा गिरफ्तारी की तुलनात्मक समीक्षा करने के बाद कई निर्देश दिए। साथ हीं शराबबंदी अभियान को लेकर पुलिस एवं उत्पाद विभाग द्वारा जब्त गाड़ी की तुलनात्मक समीक्षा भी की। अप्रैल माह में विदेशी शराब की के अलावा पुलिस एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा ब्रेथ एनालाइज़र टेस्ट में पॉजिटिव आने वाले लोगों के उपर की गई कार्रवाई की जानकारियां ली। पुलिस एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा धारा 37 के तहत पीने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद उनकी निशानदेही पर पुलिस विभाग द्वारा सप्लाई चेन को तोड़ने के लिए की गई गिरफ्तारियों पर चर्चा के दौरान कई निर्देश दिए।

## विकास कार्यों का वरीय उप समाहर्ता ज्योति कुमारी ने किया निरीक्षण

बीएनएम@तुरकौलिया

तुरकौलिया। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड के शंकर सरैया पंचायत के विभिन्न योजनाओं से संबंधित विकास कार्यों का वरीय उप समाहर्ता ज्योति कुमारी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, नल जल योजना, पीडीएस, सात निश्चय योजना तथा मनरेगा से संचालित विभिन्न योजनाओं की जांच किया। वहीं विद्यालय में मध्याह्न भोजन और साफ सफाई का निरीक्षण कर के निर्देश भी दिए। हलांकि जांच प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में जिला पदाधिकारी को जमा किया जाना है। उक्त पंचायत में सात निश्चय योजना से किए गए सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसके साथ ही पीडीएस दुकानदार और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। जबकि मनरेगा योजना कार्य के अलावा विद्यालय और पंचायत स्तरीय योजना का जांच किया। निरीक्षण के दौरान वरीय उपसमाहर्ता के अलावे मुखिया अशरफ आलम, पंचायत सचिव गगनदेव प्रसाद, एवम् सभी वार्डों के वार्ड सदस्य मौजूद थे।



## स्नातक प्रथम खंड की परीक्षा आरंभ



बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। जिले के एलएनडी कॉलेज परीक्षा केंद्र पर बुधवार को दोनों पालियों में त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम प्रथम खण्ड की परीक्षा 2021 शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं कदाचारविहीन तरीके से आरंभ हो गई। केंद्राधीक्षक प्रो.(डॉ.) अरुण कुमार ने बताया कि प्रात:काल 9 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक संचालित प्रथम पाली की परीक्षा में कुल आवंटित 1372 परीक्षार्थियों में सभी 1372 उपस्थित रहे। अपराह्न 2 बजे से संध्या 5 बजे तक संचालित द्वितीय पाली की परीक्षा में कुल आवंटित 1128 परीक्षार्थियों में सभी 1128 उपस्थित रहे। दोनों पालियों की परीक्षा में निष्कासित कुल परीक्षार्थियों की संख्या शून्य रही। ज्ञातव्य हो कि इस केंद्र पर एसआरएपी कॉलेज, बाराचकिया एवं पीयूपी कॉलेज, मोतिहारी के परीक्षार्थियों की परीक्षा संचालित हो रही है। ध्यातव्य हो कि बुधवार को प्रथम पाली में प्रथम पाली में ग्रुप 'ए' के गणित, इलेक्ट्रॉनिक्स, अर्थशास्त्र, हिंदी, समाज शास्त्र, संस्कृत व संगीत आनर्स प्रथम पत्र तथा द्वितीय पाली में ग्रुप 'बी' के भौतिकी, रसायन शास्त्र, गृह विज्ञान व राजनीति विज्ञान आनर्स प्रथम पत्र की परीक्षा थी। गुरुवार को प्रथम पाली में ग्रुप 'सी' के इतिहास, भोजपुरी, प्राकृत व जैन एवं बंगाली आनर्स प्रथम पत्र की परीक्षा ली जाएगी। वहीं द्वितीय पाली में ग्रुप 'डी' के वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान, अँग्रेजी, मैथिली, फारसी, दर्शनशास्त्र, भूगोल, श्रम एवं समाज कल्याण तथा प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति आनर्स प्रथम पत्र की परीक्षा संचालित होगी। इस कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन में केंद्राधीक्षक प्रो.(डॉ.) अरुण कुमार के साथ परीक्षा नियंत्रक प्रो.राकेश रंजन कुमार व परीक्षा सहायक आलोक कु.पांडेय सहित सभी कक्ष निरीक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त आशय की जानकारी प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉक्टर कुमार राकेश रंजन ने दी है।

# गालीबाज अधिकारी से बदनाम हो रहा जिला प्रशासन, कर्मचारी ने भेजा त्राहिमाम सन्देश







बीएनएम@सागर सूरज

मोतिहारी। जिला प्रशासन का ये गालीबाज अधिकारी इन दिनों खासे चर्चे में है। महिला कर्मचारी सहित ड्राईवर, चपरासी सहित सभी तरह के कर्मचारी इस गलिबाज़ अधिकारी के उलुल-जुलूल हरक्कत से परेशांन है। नतीजतन, इनके ऊपर लग रहे आरोपों को लेकर जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने एक जाँच टीम गठित करते हुये कार्रवाई की बात कही है। मामला जिला योजना पदाधिकारी रोहित राज से जुडा है। कभी किसी का रिक्शा लेकर खुद सडकों पर चलाने लगना, कभी कार्यालय के फर्श पर या कोने में सो जाना तो कभी अपने कुर्सी पर ही टेबल पर पैर रख कर खाराटे लेना इनका शगल है। कार्यालय कर्मियों की हालत तो ये है की इनके गली गलौज से आजिज एक कर्मी तो आत्म हत्या करने निकल पड़ा बाद में अन्य कर्मियों द्वारा उन्हें किसी तरह समझा बुझा का वापस बुलाया गया। इनके बेजार और अश्लील हरक्कतों से तंग एक महिला कर्मी ममता सिन्हा तो जिला धिकारी शीर्षत कपिल अशोक के पास पहुँच गयी और एक आवेदन में आरोप लगाया कि जिला योजना पदाधिकारी उन्हें देर रात को फोन करके उलुल जुलूल बाते करते है। “ मैडम मुझे खाने पर कब बुला रही हो” आदि कई बाते जिसे शेयर नहीं की जा सकती। विरोध करने वाले कर्मियों को सीधे स्थानांतरण की धमकी देते है और भाद्दी भद्दी गालियाँ भी देते है और कहते है सभी अधिकारी उनका बैचमेट है उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। खबर है कि आवेदन के बाद जिलाधिकारी ने पदाधिकारी को जम कर क्लास लगायी और एक जाँच टीम का भी गठन कर दिया। अपने कार्यालय में कर्तब्यों के निर्वहन के दरम्यान उनके खर्राटे ये साबित करते है कि जिला योजना विभाग की यहाँ क्या हालत है वही गली के विभिन्य अलंकारों को सुनते –सुनते इस विभाग के कर्मी अब अजीज आ चुके है। महिला कर्मियों के चरित्र पर भी सवाल उठाना उनके आदतों में शुमार है यही कारण है की महिला कर्मी भी उक्त कार्यालय में असुरक्षित महसूस कर रही है। कर्मियों का आक्रोश सातवे आसमान पर है अब देखना होगा जाँच टीम क्या करती है। इधर पदाधिकारी पीड़ित महिला से अपने आवेदन को वापस लेने की गुहार भी कर रहे है साथ में धमकियाँ भी दे रहे है।|

## NEWS IN BRIEF

### बेतिया में भारी मात्रा मे शराब सहित दो महिला गिरफ्तार

बेतिया। लगातार हो रहे जहरीली शराब से मौत को लेकर पुलिस शराब के खिलाफ कमर कस ली है। एलटीएफ व पुलिस द्वारा शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस ने 50 लीटर शराब के साथ दो महिला को गिरफ्तार किया है। साथ ही बड़े पैमाने पर बन रहे शराब के भट्टी को ध्वस्त करने के साथ सैकड़ों लीटर शराब को भी विनष्ट किया गया है। थानाध्यक्ष राजू कुमार मिश्रा ने बताया कि इस अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर नौतन के मुरतिया मे शराब भट्टी को ध्वस्त करने के साथ इस धंधे मे संलिप्त नवल किशोर साह की पत्नी कांति देवी उर्फ गिलहरी देवी व ध्रुव साह की पत्नि सरिता देवी को पचास लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।साथ ही इस अभियान मे सैकड़ो लीटर शराब को भी विनष्ट किया गया है व भारी संख्या मे शराब बनाने के उपकरण भी जप्त किए गये है।

### घर मे शराब भट्ठी चलने से गांव मे दहशत का माहौल

सूत्रों के माने तो पुलिस द्वारा गांव के संपन्न लोगो के घर से ऐसे बड़ी मात्रा मे बन रहे शराब कि भट्ठी पकड़ने पर गांव मे चर्चा का विषय बना हुआ है। घर मे शराब भट्ठी चलने से गांव मे दहशत का माहौल है। क्योकि ऐसे अवैध भट्ठी से कभी भी बड़ी घटना घट सकती थी। गांव वालो का मानना है यदि पुलिस गहनता से जांच करे तो इस धंधे मे कई बड़े लोग कि संलिप्ता पता चल सकती है।

# फाइनेंस कंपनी का मैनेजर रुपए लेकर फरार

बीएनएम@

बेतिया। नरकटियागंज के गोपाला ब्रह्मा स्थान रोड में स्थित भारत फाईनेंस कंपनी का क्रेडिट मैनेजर 9.48 लाख रुपए लेकर फरार हो गया है। मामले में ब्रांच के संगम मैनेजर के पद पर कार्यरत बेतिया जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पुरनी गोनौली गांव निवासी रतन संजय ने शिकारपुर थाने में एफआईआर दर्ज करायी है। एफआईआर में उसने बताया है कि बीते 10 मई को वह ब्रांच के क्रेडिट मैनेजर छपरा जिला के अभय कुमार सिंह के साथ कलेक्शन की राशि लेकर पंजाब नेशनल की बैंक में जमा कराने गया। इसी क्रम में क्रेडिट मैनेजर रुपए जमा कराने काउंटर पर पहुंचे और भीड़ का लाभ उठाते हुए बैंक से गायब हो गये। फोन करने पर भी उनका नंबर बंद मिला। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत, पति सहित कई लोग नामजद


बीएनएम@चिरैया

चिरैया । चिरैया थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव में बुधवार की सुबह एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। मीरपुर पंचायत के वार्ड नंबर तीन निवासी मो. अब्दुल रहीम की पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। पत्नी की मौत से ससुरालवालों में कोहराम मच गया। इधर, सूचना पाकर मृतका के घरवाले भी आ गये। इस मामले को लेकर मृतका के पिता व पिपरा थाना क्षेत्र के बेदीबन मधुबन मुस्लिम टोला चाप वार्ड संख्या- 08 निवासी अहसान आलम ने थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें मृतका के पति मो0 अब्दुल रहीम , ससुर अब्दुल रशीद ,भैसुर मो अब्दुल हलीम व अब्दुल हकीम, देवर अब्दुल सहीम, ननद शबनम खातून, शोला खातुन, देवरानी रबीना खातुन सहित अन्य तीन लोगों को आरोपित कराते हुए कहा है कि विगत् 25 दिसम्बर 2021 को मुस्लिम रीति रिवाज से उसने अपनी पुत्री की शादी किया था। शादी के बाद से दहेज लोभियों ने एक वैगनआर कार व पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। जिसकी पुर्ति नहीं करने पर पुत्री के साथ बराबर मारपीट करने लगें। जिसपर कई बार मारपीट को लेकर पंचायती भी हुई थी कि दहेज लोभियों ने मेरे पुत्री की गला दबाकर हत्या कर दी है। चिरैया पुलिस घटनास्थल पर पहुँची व शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल मोतिहारी भेज दिया।

# नेपाल में चुनाव को लेकर सीमावर्ती क्षेत्र में आवागमन ठप्प

बीएनएम@बगहा

बगहा। जिला के भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के सभी आवागमन बुधवार से अगले बहत्तर घंटा के लिए सील कर दिया गया। सूत्रानुसार पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में 13 मई शुक्रवार चुनाव होना है। भारत-नेपाल बार्डर इलाका को सील करने की सहमति बन चुक थी। पिछले अप्रैल माह में दोनो राष्ट्र के पदाधिकारियों के साथ हुई संयुक्त समन्वय बैठक में यह निर्णय लिया गया था। नेपाल में शुक्रवार को आम चुनाव की तिथि मुकर्रर है। वरीय पुलिस प्रशासनिक अधिकारी द्वारा भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के समीप सतर्कता का निर्देश दिया गया है। बोर्डर इलाका में अवस्थित सभी थानाध्यक्षों को विशेष चौकसी रखने की हिदायत है। सीमावर्ती क्षेत्र में नेपाल के चुनाव के दौरान सिर्फ आवश्यक सेवा का ही आवागमन आदेश है। बताया गया कि यहां पर भारत- नेपाल सीमा से सटे थाना व एसएसबी कैम्प पर चौकसी जारी है। बताया गया कि भारत-नेपाल बार्डर सील होने से यहां पर बीरानगी का नजारा है।





# नालों की उड़ाही व अवैध कब्जा हटाने का कार्य जारी



बीएनएम@बेतिया

बेतिया। आसन्न बरसात के मद्देनजर शहरवासियों को जलजमाव से मुक्ति दिलाने के लिए जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन द्वारा हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। इस हेतु विगत एक सप्ताह से विशेष अभियान युद्धस्तर पर जारी है। दिन-रात नालों की उड़ाही एवं नालों से अवैध कब्जा को हटाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में जेसीबी, पोकलेन आदि सहित पर्याप्त संख्या में मानव बलों को लगाया गया है ताकि बरसात के मौसम में शहरवासियों को जलजमाव की समस्या से निजात दिलायी जा सके।जिलाधिकारी के निदेश के आलोक में नाला उड़ाही एवं अवैध कब्जा हटाने के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट, पुलिस फोर्स को भी तैनात किया गया है। मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल जल निकासी में बाधक बने अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करेंगे। एसडीएम, बेतिया को उक्त कार्य का लगातार अनुश्रवण एवं निरीक्षण करने का निदेश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया है।जिलाधिकारी, कुंदन कुमार द्वारा नाला उड़ाही एवं नालों से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की लगातार समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में आज पुनः समीक्षा की गयी तथा नाला उड़ाही कार्य का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि बरसात के पूर्व सभी नालों की प्रॉपर उड़ाही एवं नालों पर हुए अतिक्रमण को पूरी सख्ती के साथ हटाया जाय। उन्होंने कहा कि जिले के सभी नगर निकाय अपने-अपने क्षेत्रों में युद्धस्तर पर नालों की उड़ाही एवं अवैध कब्जा को हटाते हुए जल निकासी की सुदृढ़ व्यवस्था करें। समीक्षा के क्रम में नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया, श्री लक्ष्मण प्रसाद द्वारा बताया गया कि रात्रि में भी नालों की उड़ाही एवं अतिक्रमण हटाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है ताकि जलनिकासी मार्ग में किसी प्रकार का अवरोध नहीं रहे। उन्होंने बताया कि निदेशानुसार विभिन्न स्रोतों से अतिरिक्त जेसीबी, पोकलेन आदि सहित अतिरिक्त 40 मानव बलों को कार्य पर लगाया गया है। साथ ही ड्रोन कैमरे की मदद से नालों का सर्वेक्षण कार्य जारी है। सर्वेक्षण के आधार पर नालों की उड़ाही एवं अवैध कब्जा हटाने में काफी मदद मिल रही है।

# टीकाकरण और बूस्टर डोज लगाने में तेजी की जरूरत: योगी आदित्यनाथ



बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यहां टीम-09 की बैठक कर प्रदेश में कोविड व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोरोना के लिए रोकथाम के प्रयास की मौजूदा स्थिति संतोषजनक है। बावजूद इसके हमें सतर्क रहना होगा। साथ ही बच्चों के टीकाकरण और वयस्कों के बूस्टर डोज लगाए जाने को और तेज किए जाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तक कोविड टीके की 31 करोड़ 85 लाख डोज लगाई जा चुकी है। 11 करोड़ 23 लाख से अधिक कोविड टेस्ट भी किए जा चुके हैं। 18 साल से अधिक आयु की पूरी आबादी को टीके की कम से कम एक डोज लग चुकी है, जबकि 89.86 फीसदी वयस्क लोगों को दोनों खुराक मिल गयी है। उन्होंने कहा कि 15 से 17 साल आयु वर्ग में 95.85 प्रतिशत से अधिक किशोरों को पहली खुराक मिल चुकी है और 69.80 प्रतिशत से अधिक किशोरों को दोनों डोज लग गयी है। 12 से 14 साल आयु वर्ग में 70 फीसदी से अधिक बच्चे टीकाकवर पा चुके हैं। इन्हें दूसरे डोज लगाया जाना भी शुरु हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्थिति संतोषजनक है। बच्चों के टीकाकरण और वयस्कों के बूस्टर डोज लगाए जाने को और तेज किए जाने की जरुरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रैक, टेस्ट, ट्रीट और टीकाकरण की नीति के सफल क्रियान्वयन से उत्तर प्रदेश में कोविड पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 1432 एक्टिव केस हैं। इसमें 1374 लोग घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। इनके स्वास्थ्य पर सतत नजर रखी जाए। बीते सात मई को प्रदेश में 2000 से अधिक एक्टिव केस थे, तब से फिर नए केस की संख्या में कमी देखी जा रही है। कल की पॉजिटिविटी 0.03 प्रतिशत रही। स्थिति नियंत्रण में है लेकिन सतर्कता जरुरी है। पिछले 24 घंटे में पूरे प्रदेश में 179 नए केस की पुष्टि हुई। इसमें गौतमबुद्ध नगर में 56, गाजियाबाद में 37, लखनऊ में 21 नए केस शामिल हैं। इसी अवधि 231 लोग स्वस्थ भी हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिन जिलों में केस अधिक मिल रहे हैं वहां सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाया जाना अनिवार्य है। इसे लागू कराएं। लोगों को जागरुक करें। टेस्ट की संख्या बढ़ाये जाने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग व पैरामेडिकल के क्षेत्र में अच्छा कॅरियर है। एएनएम, जीएनएम के बेहतर प्रशिक्षण के लिए अवस्थापना सुविधाओं के विकास की जरुरत है।

## NEWS IN BRIEF

### सपा नेता आजम खान के पुत्र और पत्नी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

रामपुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व विधायक आजम खान के पुत्र अब्दुल्ला आजम और उनकी मां पूर्व विधायक तजीन फातिमा के खिलाफ स्थानीय अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी करने के आदेश दिए हैं। रामपुर के स्वार से विधायक अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्रों के मामले में बुधवार को कोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र कोर्ट में पेश किया।अब्दुल्ला आजम और उनकी मां डॉ. तजीन फातिमा के कोर्ट में पेश न होने पर कोर्ट ने दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 16 मई को होगी।

### 'होम बार' के लिए 12 हजार रुपये पर बनेगा लाइसेंस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक के बाद आबकारी विभाग की आगामी योजना 'होम बार' को मंजूरी मिल गयी है। अब 'होम बार' के लिए 12 हजार रुपये जमा करके लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं। आबकारी विभाग के मंत्री नितिन अग्रवाल की बैठक करने के बाद विभागीय नियमों में संशोधन का प्रस्ताव कैबिनेट को भेजी गयी थी। जिस पर मोहर लगने के बाद 'होम बार' की भी मंजूरी दे दी गयी। 'होम बार' खोलने वाले को वार्षिक मूल्य 12 हजार जमाकर लाइसेंस बनवाना होगा और इसकी अनुमति आबकारी आयुक्त से मिल पायेगी। 'होम बार' का लाइसेंस लेने वाले अपने सौ वर्गमीटर के एरिया में बार खोलकर समूह में शराब पीने—पिलाने का काम कर सकेंगे। इसमें हर ब्रांड की छोटी बोतलों को रखा जा सकेगा। होम बार खुलने से उत्तर प्रदेश में एक नया बदलाव आयेगा।

# एडीए के खिलाफ मेयर और एमएलसी ने की जांच की मांग

बीएनएम@आगरा

आगरा। आगरा विकास प्राधिकरण के अधिकारीयों के खिलाफ मेयर नवीन जैन और एमएलसी विजय शिवहरे ने जांच की मांग की है। एडीए के अधिकारीयों पर करोड़ों की जमीन को महज दो लाख रुपये सालाना लीज पर देने के आरोप लगे हैं। जानकारी के अनुसार मामला आई लव आगरा सेल्फी प्वॉइंट का है। ताजमहल से करीब इस जमीन का क्षेत्रफल करीबन दो बीघा है और इसकी बाजार भाव करीबन एक लाख वर्गगज है। गत 18 अप्रैल को एडीए उपाध्यक्ष डा. राजेंद्र पेंसिया ने इस लीज को स्वीकृत किया था । आगरा विकास प्राधिकरण के अधिकारीयों पर इस जमीन को केवल्या एक्सिम प्राइवेट लिमिटेड को महज दो लाख रुपये सालाना लीज पर दिए जाने के आरोप लगे हैं। जिसके बाद से एडीए के कई अधिकारियों पर प्रशासन द्वारा जाँच किये जाने की तलवार लटकी हुई है।

# देवरिया : दो भाईयों की चाकू से गोदकर हत्या, सौतेली मां सहित तीन गिरफ्तार

बीएनएम@देवरिया

देवरिया। गौरी बाजार थाना इलाके में बुधवार को दो भाईयों की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप सौतेली मां, भाई और भाभी पर लगा है। दोहरे हत्याकांड की खबर मिलते ही डीआईजी गोरखपुर भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले को लेकर परिवार से बातचीत की। पुलिस ने सौतेली मां, बेटे और उसकी बहू को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। दुबई में नौकरी करने वाला श्रीनिवास प्रसाद ने दो शादियां की है। उसकी पहली पत्नी कुसुम देवी, अपने बेटे राजू और बहू अर्चना के अलावा दूसरी पत्नी मनसा देवी, बेटे अजय (18) और अभिषेक (12) के साथ गौरी बाजार थाना क्षेत्र के देवतहां में रहती है। बुधवार की सुबह मनसा नित्यक्रिया कर खेत से वापस घर लौटी तो बेटे अजय (18) और अभिषेक (12) का शव खून से सना हुआ पड़ा देखकर उनकी चीख निकल गई। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। सूचना पाकर मौके पर पुलिस कप्तान डॉ. श्रीपति मिश्र (उपमहानिरीक्षक) मौके पर पहुंचे। पुलिस शवों को कब्जे में लेकर घटनास्थल की जांच की। आरोप है कि कुसुम ने अपने बेटे राजू और बहू अर्चना के साथ मिलकर उनके बेटों की हत्या उस वक्त की जब वह नित्यक्रिया को गई थी। इधर घटना की जानकारी होने पर गोरखपुर के डीआईजी घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस को जल्द ही खुलासा करने के निर्देश दिए हैं।

# आधुनिक तकनीक से लैस होगी विधानसभा: सतीश




बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा आधुनिक तकनीक से लैस होगी। ई-विधानसभा की व्यवस्था लागू करने के संबंध में सर्वदलीय बैठक के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि पूरी विधानसभा डिजिटल होगी। एजेन्डा से लेकर प्रश्नों के उत्तर तक विधायकों के टैबलेट पर होंगे। विधान भवन के टण्डन हाल में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए सतीश महाना ने बताया कि विधानसभा में सभी विधायकों के लिए सीट निर्धारित की गयी है। विधानसभा में 37 सीटें बढ़ाई गयी हैं। यह सीटें उन मंत्रियों के बैठने के काम आएंगी जो विधान परिषद सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि देश की सभी विधानसभाओं को ई-विधान व्यवस्था लागू करने को कहा गया था। देश की यह इकलौती विधानसभा है जहां ई-विधान लागू किया गया है। सत्र के दौरान का पूरा एजेण्डा टैबलेट पर उलब्ध होगा। राज्यपाल का अभिभाषण डिजिटल उपलब्ध हो जाएगा। यह सबकुछ विधायकों को उनकी सीट पर उपलब्ध होगा। पहली बार हार्ड कॉपी में भी उपलब्ध कराया जाएगा। तीसरे सत्र तक पूरी तरह डिजिटल हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक प्रश्न का उत्तर मंत्री देते हैं। ऐसे में सभी के पास यह उत्तर नहीं होता है। डिजिटल होने के बाद यह उत्तर सबके पास होगा। इसलिए इसे पढ़ा हुआ मान लिया जाएगा। इससे समय की बचत होगी। सर्वदलीय बैठक में तय हुआ है कि हर प्रश्न पर कम से कम दो अनुपूरक होंगे और नेता प्रतिपक्ष के लिए एक अनुपूरक की व्यवस्था होगी। इससे समय बचेगा। नियम 301 की नोटिस लेंगे लेकिन जो सदस्य अनुपस्थित होंगे उनकी नोटिस नहीं लेंगे। सूचनाओं को भी ई-विधान डिवाइस के माध्यम लिया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि 23 मई से विधानसभा सत्र आहूत किया गया है। सत्र से पहले 22 को बहुत सारी बैठकें होंगी। वहीं नए सदस्यों के लिए 20-21 मई को प्रबोधन कार्यक्रम होगा। इस प्रबोधन कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष उद्बोधन देंगे।

# भारत-नेपाल बौद्ध सर्किट के लिए पीएम कर सकते हैं बड़ी घोषणा

बीएनएम@कुशीनगर

कुशीनगर। 16 मई को बुद्ध पूर्णिमा के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लुंबिनी (नेपाल) की सांस्कृतिक यात्रा से भारत-नेपाल बौद्ध सर्किट को बड़ी सौगात मिल सकती है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नेपाली व भारतीय बौद्ध सर्किट को वायु सेवा व सड़क मार्ग से जोड़कर आवागमन सुगम बनाने के लिए किसी बड़ी परियोजना की भी घोषणा कर सकते हैं। दरअसल गौतम बुद्ध के तीन महत्वपूर्ण स्थल भारत में स्थित है। महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में और सारनाथ वाराणसी में प्रथम उपदेश स्थल स्थित है। बिहार के बोधगया स्थित ज्ञान प्राप्ति स्थल स्थित है। लुंबिनी समेत यह सभी स्थल दुनिया भर के बौद्ध श्रद्धालुओं के केंद्र हैं। भारतीय बौद्ध सर्किट में आने वाले विभिन्न देशों के श्रद्धालु नेपाल भी जाते हैं। महापरिनिर्वाण मन्दिर में पीएम को पूजन कराने वाले बौद्ध भिक्षु अशोक दुनिया भर के बौद्ध अनुयायियों के लिए लुंबिनी पवित्र जगह है किन्तु भारतीय बौद्ध सर्किट से आवागमन सुगम नहीं है।



BORDER NEWS MIRROR

Thursday 12 May 2022

# Editorial

**"अहंकार उसी को होता है, जिसे बिना किसी संघर्ष के सब कुछ प्राप्त होता है और जिसने अपनी मेहनत से हासिल किया है, वही दूसरों की मेहनत की कद्र करता है।"**

## श्रीलंका से सबक लें

श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंद्र राजपक्ष को मजबूरन इस्तीफा देना पड़ गया। उनके छोटे भाई गोटबाया राजपक्ष अभी भी श्रीलंका के राष्ट्रपति पद पर डटे हुए हैं। श्रीलंका में आम-जनता के बीच इतना भयंकर असंतोष फैल गया है कि इस राजपक्ष सरकार को कई बार कर्फ्यू लगाना पड़ गया। इस राजपक्ष सरकार के मंत्रिमंडल में राजपक्ष-परिवार के लगभग आधा दर्जन सदस्य कुर्सी पर जमे हुए थे। जब आम जनता का गुस्सा बेकाबू हो गया तो मंत्रिमंडल को भंग कर दिया गया। लोगों के दिलों में यह प्रभाव जमाया गया कि राजपक्ष परिवार को कोई पद-लिप्सा नहीं है। राष्ट्रपति गोटबाया ने सारे विपक्षी दलों से निवेदन किया कि वे आएं और मिलकर नई संयुक्त सरकार बनाएं लेकिन विपक्ष के नेता सजित प्रेमदास ने इस प्रस्ताव को रद्द कर दिया। अब भी राष्ट्रपति का कहना है कि विपक्ष अपना प्रधानमंत्री खुद चुन ले और श्रीलंका को इस भयंकर संकट से बचाने के लिए मिली-जुली सरकार बनाए लेकिन विपक्ष के नेता इस प्रस्ताव पर अमल के लिए बिल्कुल तैयार नहीं हैं। वे सारे श्रीलंकाइयों से एक ही नारा लगवा रहे हैं- 'गोटा गो' याने राष्ट्रपति भी इस्तीफा दें। श्रीलंका के विपक्षी नेताओं की यह मांग ऊपरी तौर पर स्वाभाविक लगती है लेकिन समझ नहीं आता कि नए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की नियुक्ति क्या चुटकी बजाते हो जाएगी? उनका चुनाव होते-होते श्रीलंका की हालत और भी बदतर हो जाएगी। नये राष्ट्रपति और नई सरकार खाली हुए राजकोष को तुरंत कैसे भर सकेगी? श्रीलंका का विपक्ष भी एकजुट नहीं है। स्पष्ट बहुमत के अभाव में वह सरकार कैसे बनाएगा? वह सर्वशक्ति संपन्न राष्ट्रपति को कैसे बर्दाश्त करेगा? यदि श्रीलंका का विपक्ष देशभक्त है तो उसका पहला लक्ष्य यह होना चाहिए कि वह मंहगाई, बेरोजगारी और अराजकता पर काबू करे। गोटबाया सरकार जैसी भी है, फिलहाल उसके साथ सहयोग करके देश को चौपट होने से बचाए। भारत, चीन और अमेरिका जैसे देशों से प्रचुर सहायता का अनुरोध करे और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा-कोष से भी आपात राशि की मांग करे। अभी तो लोग दंगों और हमलों से मर रहे हैं लेकिन जब भुखमरी और बेरोजगारी से मरेंगे तो वे किसी भी नेता को नहीं बख्शेंगे, वह चाहे पक्ष का हो या विपक्ष का! श्रीलंका की वर्तमान दुर्दशा से पड़ोसी देशों को महत्वपूर्ण सबक भी मिल रहा है।

## न्यायालयों में राजस्व मामलों का बोझ

**प्रमोद भार्गव**




ऐसा पहली बार देखने में आया है कि सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमणा ने न्यायालयों में बढ़ते मामलों के मूल कारणों में जजों की कमी के साथ राजस्व न्यायालयों को भी दोषी ठहराया है। रमणा ने न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका की शक्तियों और क्षेत्राधिकार के विभाजन की संवैधानिक व्यवस्था का हवाला देते हुए कहा कि कर्तव्यों का पालन करते समय हम सभी को लक्ष्मण रेखा की मर्यादा ध्यान में रखनी चाहिए। यदि ऐसा होता है तो न्यायपालिका कभी भी शासन के रास्ते में आड़े नहीं आएगी। आज जो न्यायपालिका में मुकदमों का ढेर लगा है, उसके लिए जिम्मेदार प्रमुख प्राधिकरणों द्वारा अपना काम ठीक से नहीं करना है। इसलिए सबसे बड़ी मुकदमेबाज सरकारें हैं। न्यायालयों में 66 प्रतिशत मामले राजस्व विभाग से संबंधित हैं। राजस्व न्यायालय एक तो भूमि संबंधी प्रकरणों का निराकरण नहीं करती, दूसरे न्यायालय निराकरण कर भी देती है तो उस पर वर्षों अमल नहीं होता। नतीजतन, अवमानना के मुकदमे बढ़ने की भी एक नई श्रेणी तैयार हो रही है। अदालत के आदेश के बावजूद उसका क्रियान्वयन नहीं करना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। रमणा ने मामलों का बोझ बढ़ने का कारण गिनाते हुए कहा कि तहसीलदार यदि भूमि के नामांतरण और बंटवारे समय पर कर दें तो किसान अदालत क्यों जाएगा? यदि नगर निगम, नगरपालिकाएं और ग्राम पंचायतें ठीक से काम करें तो नागरिक न्यायालय का रुख क्यों करेगा? यदि राजस्व विभाग परियोजनाओं के लिए जमीन का अधिग्रहण विधि सम्मत करे तो लोग अदालत के दरवाजे पर दस्तक क्यों देंगे? ऐसे मामलों की संख्या 66 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि जब हम सब संवैधानिक पदाधिकारी हैं और इस व्यवस्था का पालन करने के लिए जिम्मेदार हैं और हमारे क्षेत्राधिकार भी स्पष्ट हैं, तब समन्वय के साथ दायित्व का पालन करते हुए राष्ट्र की लोकतांत्रिक नींव मजबूत करने की जरुरत है। रमणा ने यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आहूत मुख्यमंत्रियों और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के सम्मेलन में कही। अदालतों में मुकदमों की संख्या बढ़ाने में राज्य सरकारें निश्चित रुप से जिम्मेवार हैं। वेतन विसंगतियों को लेकर एक ही प्रकृति के कई मामले ऊपर की अदालतों में विचाराधीन हैं। इनमें से अनेक तो ऐसे प्रकरण हैं, जिनमें सरकारें आदर्श व पारदर्शी नियोक्ता की शर्तें पूरी नहीं करती हैं। नतीजतन जो वास्तविक हकदार हैं, उन्हें अदालत की शरण में जाना पड़ता है। कई कर्मचारी सेवानिवृत्ति के बाद भी बकाए के भुगतान के लिए अदालतों में जाते हैं। जबकि इन मामलों को कार्यपालिका अपने स्तर पर निपटा सकती है। हालांकि कर्मचारियों से जुड़े मामलों का सीधा संबंध विचाराधीन कैदियों की तादाद बढ़ाने से नहीं है, लेकिन अदालतों में प्रकरणों की संख्या और काम का बोझ बढ़ाने का काम तो ये मामले करते ही हैं। इसी तरह पंचायत पदाधिकारियों और राजस्व मामलों का निराकरण राजस्व न्यायालयों में न होने के कारण न्यायालयों में प्रकरणों की संख्या बढ़ रही है। जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा और बिजली बिलों का विभाग स्तर पर नहीं निपटना भी अदालतों पर बोझ बढ़ा रहे हैं। कई प्रांतों के भू-राजस्व कानून विसंगतिपूर्ण हैं। इनमें नाजायज कब्जे को वैध ठहराने के उपाय हैं। जबकि जिस व्यक्ति के पास दस्तावेजी साक्ष्य है, वह भटकता रहता है। इन विसंगतिपूर्ण धाराओं का विलोपीकरण करके अवैध कब्जों से संबंधित मामलों से निजात पाई जा सकती है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

*Today's* **Opinion**

## समाज कल्याण के व्यापक आयाम



**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

समाज कल्याण के व्यापक आयाम होते हैं। लोक कल्याणकारी सरकार से इन सभी पर एक साथ प्रयास करने की अपेक्षा रहती है। इस आधार पर सरकार के कार्यों का आकलन किया जाता है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने इस दायित्व का बखूबी निर्वाह किया। यही कारण है कि ईज ऑफ लिविंग में उत्तर प्रदेश का ग्राफ बहुत ऊपर हुआ है। विगत पांच वर्षों के दौरान समाज कल्याण के सभी मोर्चों पर एक साथ प्रभावी कार्य किया गया। इस दौरान दो वर्ष तक कोरोना महामारी का प्रकोप रहा। आपदा की इस अवधि में समाज कल्याण के कार्यों की सर्वाधिक आवश्यकता थी। केंद्र व प्रदेश की सरकारों ने गरीबों के भरण-पोषण हेतु विश्व की सबसे बड़ी निःशुल्क राशन योजना लागू की। योगी आदित्यनाथ ने अपनी दूसरी पारी इस योजना की समय सीमा बढ़ाने के साथ की। उत्तर प्रदेश में विगत पांच वर्षों के दौरान व्यवस्था बदलाव के प्रभावी प्रयास किये गए। इसके चलते ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से लेकर ईज ऑफ लिविंग की रैंकिंग में अभूतपूर्व मुकाम हासिल हुआ है। इसके पहले उत्तर प्रदेश का इस क्षेत्र में पिछड़ा माना जाता था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वप्रथम प्रदेश की व्यवस्था को बदलने का कार्य किया। इसका सकारात्मक प्रभाव अनेक क्षेत्रों में दिखाई दे रहा है। ईज ऑफ लिविंग अभियान के अंतर्गत योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन सभागार में ई पेंशन पोर्टल का शुभारंभ किया। पेंशनधारकों को यह सुविधा उपलब्ध कराने वाला यूपी देश का पहला राज्य है। सात वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल इंडिया अभियान शुरु किया था। इसके अंतर्गत देश में चालीस करोड़ जन-धन खाते खोले गए। व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के तकनीकी प्रयास किये गए। इससे जरूरतमंदों को सीधा व शत-प्रतिशत लाभ मिलना सुनिश्चित हुआ। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने भी व्यापक सुधार किए। इसके अनुरुप प्रदेश सरकार के वित्त विभाग ने ई-पेंशन पोर्टल का विकास किया। इससे पेंशन व्यवस्था को सुगम व पारदर्शी बनाया गया है। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत पेंशनर को सेवानिवृत्त होने के छह माह पहले ही पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन और आवेदन करना है। रजिस्ट्रेशन करने के बाद आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा पेंशनर के आवेदन की जांच कर 30 दिनों के अन्दर पेंशन पेमेण्ट ऑर्डर जारी करने वाले अधिकारी को अग्रसारित कर दिया जाएगा। पीपीओ जारी करने वाले अधिकारी द्वारा 30 दिनों के अन्दर पीपीओ जारी कर दिया जाएगा। पूरी प्रक्रिया सेवानिवृत्ति से तीन महीने पहले पूर्ण कर ली जाएगी। यहां से पेंशन के कागजात पूर्ण होने का संदेश आवेदनकर्ता के पास आ जाएगा। नियत तिथि को कोषागार द्वारा पेंशनर के खाते में पेंशन का ऑनलाइन भुगतान हो जाएगा। यह पोर्टल कॉन्टैक्टलेस है। कहीं जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना है। शेष प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। यह पेपरलेस तथा कैशलेस है। पूरी प्रक्रिया सेवानिवृत्ति के छह माह पूर्व से शुरु होकर अपने आप पूरी हो जाएगी। यह सुविधा अनेक उपलब्धियों से भरी है। पेंशन के लिए किसी को भटकना नहीं पड़ेगा। इसी प्रकार दिव्यांग कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किये गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकलांग की जगह दिव्यांग संबोधन का प्रयोग किया था। उनका कहना था कि शारीरिक रुप से अक्षम लोगों में कोई न कोई दिव्य प्रतिभा अवश्य होती है। अवसर मिलने से उनकी प्रतिभा में निखार आता है। जिससे वह समाज व के सामने अपनी क्षमता को प्रमाणित भी करते है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस विचार को आगे बढाते रहे हैं। इन प्रयासों से विकलांगों के प्रति समाज की धारणा बदल रही है। दिव्यांग शब्द में एक सम्मान का भाव है। अब यह शब्द प्रचलन में आ गया है। योगी आदित्यनाथ ने भारत की ऋषि परम्परा में ऋषि अष्टावक्र व महाकवि सूरदास का उल्लेख किया। कहा कि इन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा से समाज को नई दिशा प्रदान की। उनकी भक्ति, विचार व साहित्य शाश्वत रूप में प्रासंगिक रहेंगे।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796, प्रसार:-9470050309
ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# मोदी के धुर विरोधी भी मानते हैं कि प्रधानमंत्री ने बढ़ाया देश का मान : उपराष्ट्रपति




बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडु ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के धुर विरोधी भी इस बात से सहमत हैं कि उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि देश के लिए प्रधानमंत्री की दृष्टि एक सामाजिक कार्यकर्ता और एक राजनीतिक कार्यकर्ता के रुप में उनके कार्यकाल के दौरान संचित कई अनुभवों की अभिव्यक्ति है। उपराष्ट्रपति ने आज दिल्ली के विज्ञान भवन में 'मोदी @ 20: ड्रीम्स मीट डिलीवरी' नामक पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक में 22 डोमेन विशेषज्ञों द्वारा रचित 21 लेखों का संकलन है। इसमें 2021 तक पिछले 20 वर्षों के लिए गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रुप में विभिन्न क्षेत्रों में नरेन्द्र मोदी की सोच और कार्यों के विभिन्न पहलुओं को सामने लाया गया है। नायडू ने जोर देकर कहा कि नरेन्द्र मोदी नीतियों और योजनाओं के मंद कार्यान्वयन के प्रति अधीर रहते हैं। वे निष्पादन के पैमाने और गति के लिए हमेशा उत्सुक रहते हैं। उनका मानना है कि भारत अभी भी स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष में विकास के पैमाने पर पीछे हैं और इस अंतर को पाटने की जरुरत है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री भारत निर्माण के मिशन पर हैं और विभिन्न राज्यों में सत्तारुढ़ दलों को चाहिए कि दे को आगे बढ़ाने के लिए सभी उपलब्ध विकासात्मक और लोकतांत्रिक मंचों का प्रभावी उपयोग करें। उन्होंने इस मिशन को साकार करने के लिए सभी तनाव मुक्त होकर देश में शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आधुनिक भारत का सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित नेता बताते हुए वेंकैया नायडू ने अपने उदबोधन में उनकी विभिन्न विशेषताओं को सूचीबद्ध भी किया। इन विशेषताओं ने ही प्रधानमंत्री मोदी को एक अद्वितीय नेता के रुप में पहले गुजरात और अब भारत के प्रधानमंत्री के रूप में आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि व्यापक यात्रा और सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यों के माध्यम से स्वयं, लोगों और देश की तलाश में 17 साल की छोटी उम्र में घर छोड़ने के बाद नरेन्द्र मोदी की प्रारंभिक अनुभवात्मक यात्रा रही है। उनमें भारतीयों और भारत के संघर्षों और उनकी क्षमता की गहरी समझ है। लोगों और भारत की क्षमता में अडिग विश्वास है। वह बड़ा सपना देखने का साहस और संकल्प को सिद्धि में बदलने का संकल्प रखते हैं। वह बड़ा सोचते हैं और बड़े पैमाने पर क्रियान्वयन करते हैं।

## NEWS IN BRIEF

### ज्ञानवापी सर्वे मामले की सुनवाई पूरी, गुरुवार को आयेगा फैसला

वाराणसी/लखनऊ। ज्ञानवापी सर्वे मामले की सुनवाई बुधवार को दोपहर चार बजे करीब पूरी हो गई। सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रवि कुमार दिवाकर की अदालत ने सुनवाई करने के बाद फैसले को सुरक्षित रख लिया है। गुरुवार को फैसला सुनाया जायेगा। ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी प्रकरण मामले में बुधवार को सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की अधिवक्ताओं ने अपना-अपना पक्ष रखा है। मुकदमें में वादी पक्ष ने मस्जिद परिसर के तहखाने की वीडियोग्राफी कराने की मांग है। जबकि प्रतिवादी पक्ष की तरफ से एडवोकेट कमिश्नर को बदलने के लिए याचिका दाखिल की है। कोर्ट कमिश्नर ने कहा कि सर्वे को लेकर मैंने कोई पक्षपात नहीं किया है। सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में पत्रावली 61 (ग) और 56 (ग) पर सुनवाई हुई। सोमवार, मंगलवार और बुधवार तीन दिनों तक दोनों पक्षों की बहस हुई। दोनों पक्षों ने न्यायालय में अपनी दलीलें पेश की हैं। फैसले के लिए 24 घंटे का इंतजार है।

### फिरोजपुर में सीमा पार से आए ड्रोन को बीएसएफ ने भगाया

चंडीगढ़। पंजाब से सटे पाकिस्तान के सीमावर्ती इलाके से बीती रात एक ड्रोन ने भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश की, जिसे बीएसएफ ने करीब 15 मिनट तक पीछा करके वापस भगा दिया। जानकारी के अनुसार बीएसएफ के जवान सामान्य रुप से मंगलवार की रात सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान फिरोजपुर सेक्टर अंतर्गत बीओपी जैन मोहम्मद चौकी के क्षेत्र में पाकिस्तान की तरफ से एक ड्रोन दाखिल हुआ। पाकिस्तान की तरफ से आए इस ड्रोन को जवानों ने फायरिंग करके भगा दिया।

## हिमाचल के मुख्यमंत्री जयराम ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री को 31 मई को हिमाचल आने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने प्रधानमंत्री मोदी को हिमाचल प्रदेश आने का निमंत्रण दिया है। उन्होंने केंद्र सरकार के आठ वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर 31 मई को हिमाचल में राष्ट्र स्तरीय समारोह आयोजित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश इस राष्ट्र स्तरीय समारोह को आयोजित करना चाहता है, जिसमें देश के सभी जिले शामिल होंगे। उन्होंने प्रदेश और प्रदेशवासियों के लिए प्रधानमंत्री के विशेष लगाव और प्रदेश का त्वरित विकास सुनिश्चित करने के लिए राज्य को सहयोग प्रदान करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

## राजद्रोह कानून पर मंत्री का बयान 'लक्ष्मण रेखा' जिसे लांघा नहीं जाना चाहिए

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के राजद्रोह कानून पर दिए फैसले के बाद केन्द्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने कहा है कि वह शीर्ष न्यायालय का सम्मान करते हैं लेकिन एक लक्ष्मण रेखा भी होती है जिसे पार नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सीधे कोई टिप्पणी न करते हुए रिजिजू ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट का पूरा सम्मान करते हैं लेकिन एक लक्ष्मण रेखा होती है जिसे राष्ट्र के किसी अंग की ओर से लांघा नहीं जाना चाहिए और उसका शब्द और भावना में आदर करना चाहिए। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारी कानून से संबंधित नियत साफ है और प्रधानमंत्री की इस बारे में सोच से न्यायालय को अवगत कराया गया था। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह के कानून पर केंद्र को कानून की समीक्षा की अनुमति दे दी है। चीफ जस्टिस एनवी रमना की अध्यक्षता वाली बेंच ने राजद्रोह के तहत फिलहाल नए केस दर्ज करने पर रोक लगा दी है। कोर्ट जुलाई के तीसरे हफ्ते में सुनवाई करेगा। कोर्ट ने कहा कि अगर किसी पर केस दर्ज हो तो निचली अदालत से राहत की मांग करे। कोर्ट ने लंबित मामलों में अभी कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि जेल में बंद लोग निचली अदालत में जमानत याचिका दाखिल करें।

## अहमदाबाद एवं पटना के बीच स्पेशल ट्रेन चलाएगा पश्चिम रेलवे

बीएनएम@मुंबई

मुंबई। यात्रियों की सुविधा और उनकी मांग को पूरा करने के लिए पश्चिम रेलवे ने अहमदाबाद एवं पटना के बीच विशेष ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित ठाकुर के अनुसार ट्रेन संख्या 09417 अहमदाबाद-पटना स्पेशल प्रत्येक सोमवार को अहमदाबाद से 09.10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 21.00 बजे पटना पहुंचेगी। यह ट्रेन 16 मई से 27 जून 2022 तक चलेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09418 पटना-अहमदाबाद स्पेशल पटना से प्रत्येक मंगलवार को 23.45 बजे प्रस्थान करेगी और गुरुवार को 11.20 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नडियाद, छायापुरी, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, भरतपुर, अछनेरा, मथुरा, कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुल्तानपुर, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशनों पर रुकेगी।



## राजस्थान में बनेगी डबल इंजन की सरकार : नड्डा



बीएनएम@हनुमानगढ़

हनुमानगढ़। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर हनुमानगढ़ पहुंचे। यहां उनका भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से जगह-जगह स्वागत किया गया। उन्होंने भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद सभा को भी संबोधित किया। अपने शुरुआती सम्बोधन में ही वे चुनावी मोड में आने के साथ कुछ आक्रामक दिखे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत ने राजस्थान की सुख- शांति छीनने का साथ ही अपराध में प्रदेश को अग्रणी बना दिया। राजस्थान को सबसे अधिक बलात्कार और अपराधों वाला प्रदेश बना दिया। नड्डा ने राजस्थानवासियों से अपील की कि इस बार वे राजस्थान में डबल इंजन की सरकार देखना चाहते हैं। अपने सम्बोधन में उन्होंने हनुमानगढ़ आने का कारण भाजपा कार्यालय का उद्घाटन बताने के साथ ही जिले से उनके खास रिश्ते के बारे में भी बताया। जेपी नड्डा के सुपुत्र हनुमानगढ़ में ही ब्याहे हैं। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां, पूर्व जल संसाधन मंत्री डॉक्टर रामप्रताप, संगरिया विधायक गुरदीप शाहपिनी, पीलीबंगा विदायक धर्मेन्द्र मोची, पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया आदि मौजूद रहे। नड्डा राजस्थान दौरे के दूसरे दिन हनुमानगढ़ पहुंचे और 11 बजे से सवा 12 बजे तक हनुमानगढ़ जंक्शन से भाजपा के नए जिला कार्यालयों का उद्घाटन किया। यहीं से उन्होंने बीकानेर, श्रीगंगानगर, अलवर, धौलपुर, नागौर, अजमेर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर जिलों के पार्टी कार्यालयों का वर्चुअली उद्घाटन किया। साढ़े 12 बजे हनुमानगढ़ के भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की और दोपहर 1 बजे हनुमानगढ़ के सुखासिंह महताब सिंह गुरुद्वारे में अरदास की। नड्डा का ये दौरा एक तरह से पार्टी के 2023 के मिशन का आगाज माना जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हनुमानगढ़ से बीकानेर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालयों का उद्घाटन किया।

# श्रीलंका में हालात बिगड़े, हिंसा करने वालों को गोली मारने के आदेश



बीएनएम@कोलंबो

कोलंबो। आर्थिक संकट के बीच श्रीलंका में हालात बेहद नाज़ुक और हिंसक हो गए हैं। हिंसा में अब तक आठ लोगों की मौत और 250 से अधिक घायल हो गए हैं। इसी बीच रक्षा मंत्रालय ने थलसेना, वायुसेना और नौसेना कर्मियों को सार्वजनिक संपत्ति को लूटने या आम लोगों को चोट पहुंचाने वाले किसी भी दंगाई को गोली मारने का आदेश जारी किया है। यह आदेश राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे की लोगों से हिंसा और बदले की भावना वाले कृत्य रोकने की अपील के बाद आया है। श्रीलंका सरकार के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन पिछले कुछ दिन में तेज हो गया है, परिणामस्वरुप विरोध स्थलों पर तैनात सुरक्षा बलों के साथ झड़पों की घटनाओं में वृद्धि हुई है। सेना के प्रवक्ता ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने तीनों बलों को सार्वजनिक संपत्ति लूटने या दूसरों को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति पर गोलियां चलाने का आदेश दिया है। देश में हालात लगभग बेकाबू से है और हिंसक घटनाएं बढ़ गई हैं, जिसमें मंत्रियों और सांसद के घरों को जला दिया गया है। देशव्यापी कर्फ्यू के बीच सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों ने श्रीलंका के प्रधानमंत्री समेत कई नेताओं व मंत्रियों के घरों के साथ कई कार्यालयों को भी को आग के हवाले कर दिया और बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए थे। हिंसक विरोध के बाद पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे और उनके परिवार के कुछ सदस्यों ने कोलंबो स्थित सरकारी आवास से निकलने के बाद त्रिंकोमाली नौसैनिक अड्डे में शरण ली। यह खबर फैलने के बाद मंगलवार को नौसैनिक अड्डे के सामने विरोध प्रदर्शन शुरु हो गया, प्रदर्शनकारी महिंदा को परिसर से बाहर करने की मांग कर रहे हैं। लोगों में राजपक्षे परिवार और सत्तारुढ़ दलों के खिलाफ गुस्सा भरा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों ने कोलंबो में भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर जाने वाली सड़क पर चेकप्वाइंट स्थापित कर दिया है ताकि इस परिवार का कोई भी करीबी देश छोड़कर न भाग सके। महिंदा राजपक्षे के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद सोमवार को पूरी रात भीड़ उनके सरकारी आवास 'टेंपल ट्रीज' में घुसने की कोशिश करती रही। पुलिस ने भीड़ पर काबू पाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े।

## NEWS IN BRIEF

### मंत्रियों के घर फूंके, सांसदों को पीटा

कोलंबो। आर्थिक और राजनीतिक संकट से घिरे श्रीलंका में हालात बेकाबू हो गए हैं। गुस्साई भीड़ ने मंत्रियों के घर फूंक दिए हैं। कई सांसदों को नंगाकर पीटा गया है। सरकार ने सड़कों पर सेना को उतारा है और उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं। श्रीलंका में प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के इस्तीफा देने के बाद उपद्रव जारी है। राजपक्षे के सरकारी आवास को फूंकने के बाद अब सनथ निशांता, जॉनसन फर्नांडो, प्रसन्ना राणातुंगा सहित कई मंत्रियों के घर फूंक दिए गए। जनता का गुस्सा सत्तारूढ़ दल के सांसदों को पर फूटा है। कई सांसदों को जान बचाकर भागना पड़ा।कुछ सांसदों को नंगाकर पीटे जाने के फोटो और वीडियो वायरल हुए हैं। इस हिंसा में अब तक दस लोगों की मौत और सैकड़ों लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। हालात को काबू करने के लिए थलसेना, वायुसेना और नौसेना को उतारा गया है। रक्षा मंत्रालय ने सैनिकों को आदेश दिए हैं कि लूटपाट करने वालों, राष्ट्रीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों और उपद्रव करने वालों को देखते ही गोली मार दी जाए।

### राज ठाकरे को भेजा गया धमकी भरा पत्र

मुंबई। मनसे नेता बाला नंदगांवकर ने बुधवार को राज ठाकरे को धमकी भरे एक पत्र को लेकर महाराष्ट्र के गृह मंत्री दिलीप वालसे पाटिल से मुलाकात की और कार्रवाई की मांग की। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए बाला नंदगांवकर ने कहा कि अगर मनसे प्रमुख को नुकसान पहुंचाया गया तो इसका असर पूरे राज्य में होगा। न्होंने कहा कि उनके कार्यालय को पत्र प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि यह उर्दू शब्दों के साथ हिंदी में लिखा गया है।

## पाकिस्तान ने दिया भारत से कारोबारी रिश्ते सामान्य करने का संकेत

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने भारत के साथ कारोबारी रिश्तों को पटरी पर लाने का संकेत दिया है। पाकिस्तान ने नई दिल्ली स्थित उच्चायोग में पांच साल बाद पर ट्रेड मिनिस्टर नियुक्त करने का फैसला किया है। इस पद पर कमर जमां की नियुक्ति के प्रस्ताव को पीएम शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में मंजूरी दी गई। पाकिस्तान भारत के साथ कारोबारी रिश्तों को आगे बढ़ाने के उद्देश से यह कदम उठा रहा है। हालांकि पाकिस्तान के वाणिज्य मंत्रालय ने इससे इन्कार किया है। पाकिस्तान के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि भारत समेत 46 देशों में पाकिस्तान के 57 ट्रेड मिशन काम कर रहे हैं। भारत में मिनिस्टर (ट्रेड व इंवेस्टमेंट) का पद पिछले 20 वर्षों से स्थापित है और इस पद पर नियुक्ति को भारत के साथ मौजूदा रिश्तों के संदर्भ में नहीं देखना चाहिए।

## मस्क ने ट्रंप के ट्विटर अकाउंट पर लगा बैन लिया वापस, जल्द वापस संभव

बीएनएम@वाशिंगटन

वाशिंगटन। ट्विटर के नए मालिक एलोन मस्क ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्विटर अकाउंट पर लगे बैन को वापस लेने का ऐलान किया है। मस्क ने कहा है कि ट्रंप जल्द माइक्रोब्लॉगिंग वेबसाइट पर लौटेंगे। एलन मस्क ने यह भी कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप को ट्विटर पर बैन करने का निर्णय नैतिक रुप से एक अच्छा निर्णय नहीं था। टेस्ला के मुख्य कार्यकारी एलोन मस्क ने मंगलवार को 'फाइनेंशियल टाइम्स फ्यूचर ऑफ द कार कॉन्फ्रेंस' में बोलते हुए कहा कि वे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर ट्विटर अकाउंट पर लगे प्रतिबंध को समाप्त कर देंगे। ट्विटर ने जब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बैन किया था, तब भी एलोन मस्क ने कहा था कि वह इस प्लेटफॉर्म को सुधारना चाहते हैं। एलन मस्क खुद को फ्री स्पीच का बड़ा पक्षधर बताते हैं। जब उन्होंने ट्विटर को खरीद लिया था, तभी से ही इस बात के कयास लगाए जा रहे थे कि इस बात की संभावना है कि डोनाल्ड ट्रंप ट्विटर पर वापसी कर सकते हैं। हालांकि कुछ समय पहले डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि वे ट्विटर पर वापस नहीं आएंगे। ट्रंप ने कहा था कि मैं अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर ही रहूंगा। इस दौरान मस्क की तारीफ करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वे अच्छे आदमी हैं, मुझे उम्मीद है कि वो ट्विटर में सुधार करेंगे।

## यूक्रेन ने खार्किव में जवाबी कार्रवाई कर रूसी सेना को पीछे ढकेला

बीएनएम@खार्किव

खार्किव। यूक्रेन ने मंगलवार को दावा किया कि उसकी सेना ने खार्किव के उत्तर और उत्तर-पूर्व में जवाबी कार्रवाई में रूसी सेना को पीछे ढकेलते हुए गांवों को पर फिर से कब्जा कर लिया है। पहली बार युद्ध में इस तरह की बढ़त रूस के लिए खतरे का संकेत है और यह उसके वर्चस्व को खतरे में डाल सकती है। मुख्य यूक्रेनी बल 92वें सेपरेट मैकेनाइज्ड ब्रिगेड के प्रेस अधिकारी तेतियाना अपचेंको ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यूक्रेनी सैनिकों ने हाल के दिनों में खार्किव के उत्तर में इलाके की बस्तियों पर फिर से कब्जा कर लिया। रक्षा मंत्रालय के सलाहकार यूरी साक्स ने कहा कि सफलता रूसी सेना को यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर और उत्तर-पूर्व में स्थित खार्किव की सीमा से बाहर धकेल रही है। यहां युद्ध शुरु होने के बाद से लगातार बमबारी होती रही है। साक्स ने कहा कि खार्किव के आसपास यूक्रेनी सशस्त्र बलों के सैन्य अभियान, विशेष रुप से खार्किव के उत्तर और उत्तर-पूर्व में सफलता पाई है।



## जेलेंस्की ने जताई वैश्विक खाद्यान्न संकट की आशंका



बीएनएम@कीव

कीव। रूस और यूक्रेन के बीच चले रहे युद्ध पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने वैश्विक खाद्यान्न संकट की आशंका जताई है। जेलेंस्की ने कहा कि यूरोपीय देशों के समुद्री पोर्ट पर व्यापार इसी तरह बाधित रहा तो पूरी दुनिया में खाद्यान्न संकट पैदा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि रूस की तरफ से लगाए गए प्रतिबंधों को खत्म करने का प्रयास करना जरुरी हो गया है। जेलेंस्की ने यह बयान यूरोपियन काउंसिल के प्रेसिडेंट चार्ल्स मिशेल से मिलने के बाद दिया है। मिशेल ओडेसा पहुंचे थे। रूस ने ओडेसा की टूरिस्ट साइट्स और बड़ी इमारतों को निशाना बनाया है। यहां एक बड़ा पोर्ट भी है, जिससे कृषि उत्पादों का आयात और निर्यात होता है। रूस ने इस पोर्ट को भी निशाना बनाया था। जेलेंस्की ने कहा कि दशकों बाद पहली बार ओडेसा में ऐसा हो रहा है कि व्यापारिक जहाज ठीक से नहीं चल पा रहे हैं। पोर्ट पर कोई काम नियमित ढंग से नहीं हो पा रहा है। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद देश में ऐसा कभी नहीं हुआ था। यह संकट केवल यूक्रेन के लिए नहीं है बल्कि कृषि उत्पादों के अभाव से दर्जनभर देशों को संकट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि कई देश अब भी खाद्यान्न संकट से जूझ रहे हैं और आने वाले समय में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

### पोर्ट पर फंसा 2.5 करोड़ टन अनाज

यूएन के मुताबिक इस युद्ध की वजह से 2.5 करोड़ टन अनाज यूक्रेन में फंसा है। इंटरनेशल ग्रेन काउंसिल के आंकड़ों के मुताबिक मक्का के निर्यातकों में यूक्रेन का चौथा स्थान था। यह गेहूं के टॉप 6 निर्यातक देशों में शामिल है। इसी बीच जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के पोर्ट्स को रूस के चंगुल से छुड़वाने के लिए पूरी दुनिया को कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी किया। यूरोपियन काउंसिल के प्रेसिडेंट ने भी कहा कि ओडेसा पोर्ट पर गेहूं और मक्का भरा पड़ा है लेकिन इसका निर्यात नहीं हो पा रहा है। काले सागर में ब्लॉकेड की वजह से दुनिया को संकट का सामना करना पड़ रहा है।

# आईपीएल 2022 के प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बनी गुजरात टाइटंस




फाइल फोटो

बीएनएम@मुंबई

मुंबई। गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2022 के साथ टूर्नामेंट में डेब्यू किया और सबसे पहले 15वें सीजन के प्लेऑफ का टिकट हासिल किया है। गुजरात की टीम ने मंगलवार को पुणे के एमसीए स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2022 के 57वें लीग मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स को 62 रन से हरा दिया। इसी के साथ गुजरात टाइटंस आईपीएल 2022 के प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। गुजरात के खाते में अब 18 अंक हो गए हैं। गुजरात टाइटंस के प्लेऑफ में पहुंचने पर शुभमन गिल और मोहम्मद शमी ने सोशल मीडिया ऐप कू पर अपनी टीम और सहयोगी स्टॉफ को बधाई दी है। शुभमन गिल ने अपनी टीम के प्लेऑफ में पहुंचने पर खुशी जताते हुए सोशल मीडिया ऐप कू पर टीम की फोटो शेयर किया और कैप्शन में लिखा, "प्लेऑफ कॉलिंग"। वहीं,शमी ने सोशल मीडिया ऐप कू पर फोटो शेयर करते हुए लिखा कि बल्ले और गेंद से शानदार प्रयास। सभी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को बधाई। बता दें कि लखनऊ सुपर जाएंट्स के पास अभी भी प्लेऑफ के लिए क्वॉलीफाई करने का मौका है। लखनऊ को दो और मुकाबले खेलने हैं और टीम एक मैच जीत जाती है तो आधिकारिक रूप से प्लेऑफ के लिए क्वॉलीफाई कर जाएगी, जबकि दोनों मैच हारने पर भी टीम के प्लेऑफ में पहुंचने के चांस बने रहेंगे, क्योंकि 16 अंक हासिल कर चुकी टीम आईपीएल के अब तक के इतिहास में प्लेऑफ की रेस से कभी बाहर हुई है। इस मैच की बात करें तो गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। गुजरात ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 144 रन बनाए। रिद्धिमान साहा ने 5, मैथ्यू वेड ने 10, हार्दिक पांड्या ने 11, डेविड मिलर ने 26, शुभमन गिल ने 63 और राहुल तेवतिया ने 22 रन बनाए। लखनऊ की तरफ से 2 विकेट आवेश खान को मिले, जबकि एक-एक विकेट जेसन होल्डर और मोहसिन खान को मिला।

## NEWS IN BRIEF

### स्थगित टेस्ट सीरीज़ की जगह खेली जाएगी सफेद गेंद श्रृंखला

केप टाउन। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज़, जिसे मार्च 2021 में कोरोना के कारण स्थगित कर दिया गया था, की जगह अब वर्ष 2023 में पाँच एकदिवसीय और तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। 2023 एकदिवसीय विश्व कप की तैयारी के लिए दक्षिण अफ्रीका अगस्त 2023 में इन दोनों श्रृंखलाओं की मेजबानी करेगा। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका को बदलाव के परिणामस्वरुप कोई आर्थिक नुकसान नहीं होने की उम्मीद है। हालाँकि अब क्रिकेट के सात दिन कम खेले जाएंगे, लेकिन सफेद गेंद श्रृंखला के कारण सीएसए तीन टेस्ट के बराबर राजस्व अर्जित करेगा, यही वजह है कि वह बदलाव के लिए सहमत हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया शुरु में टेस्ट को पुनर्निर्धारित करने के लिए अगस्त 2023 को एक विंडो के रूप में देख रहा था, लेकिन क्योंकि ये मैच चल रहे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा नहीं हैं, इसलिए वे सफेद गेंद वाले मैचों द्वारा प्रतिस्थापित किए जाने पर सहमत हुए। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम भी 2022 के अंत में 2008 के बाद से अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का

### रांची जिला कराटे प्रतियोगिता 25 जून से

रांची। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तत्वावधान में 10वीं इमा कप रांची जिला कराटे प्रतियोगिता का आयोजन 25 और 26 जून को रांची में होगा। प्रतियोगिता की मेजबानी बिशप हार्टमैन एकेडमी करेगी। प्रतियोगिता में रांची के विभिन्न स्कूलों एवं क्लबों से लगभग 300 प्रतिभागी एवं 50 पदाधिकारी भाग लेंगे।

## उबेर कप : अंतिम ग्रुप मुकाबले में दक्षिण कोरिया ने भारत को हराया

बीएनएम@बैंकॉक

बैंकॉक। लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद, भारतीय बैडमिंटन टीम को बुधवार को यहां चल रहे उबेर कप 2022 के अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में दक्षिण कोरिया के खिलाफ 5-0 से हार का सामना करना पड़ा। ग्रुप डी मैच में, विश्व के सातवें नंबर की भारतीय दिग्गज खिलाड़ी पीवी सिंधु को एन से-यंग ने 42 मिनट तक चले मैच में 21-15, 21-14 से हराया। दूसरे मुकाबले में श्रुति मिश्रा और सिमरन सिंघी की महिला युगल जोड़ी को ली सो-ही और शिन सेउंग-चान ने 39 मिनट तक चले मैच में 13-21, 12-21 से हराया। तीसरे मैच में किम गा-यून ने आकर्षि कश्यप को 30 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-10 से हराया। इसके बाद चौथे मुकाबले में तनीषा क्रैस्टो और ट्रीसा जॉली की भारतीय जोड़ी 36 मिनट तक चले मैच में किम हाय-जोंग और कोंग ही-योंग से 21-14, 21-11 से हार गई।

## न्यू साउथ वेल्स ने हेडन केर के साथ किया पूर्णकालिक अनुबंध

बीएनएम@सिडनी

सिडनी। न्यू साउथ वेल्स ने शेफील्ड शील्ड 2021-22 में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी हेडन केर के साथ पूर्णकालिक अनुबंध किया है। केर ने विक्टोरिया के खिलाफ अपने प्रथम श्रेणी पदार्पण पर अर्धशतक बनाया और उसके बाद तस्मानिया के खिलाफ 88 रन बनाए। वह बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स के सीजन के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रुप में उभरे। न्यू साउथ वेल्स के पुरुष क्रिकेट प्रमुख माइकल क्लिंगर ने कहा, "हेडन केर ने ऑस्ट्रेलियाई घरेलू सीजन में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। वह न्यू साउथ वेल्स के अनुबंध के लिए अपने अवसर के लिए पूरी तरह से हकदार हैं।" न्यू साउथ वेल्स की टीम इस प्रकार है: सीन एबॉट, ट्रेंट कोपलैंड, पैट कमिंस, ओलिवर डेविस, लियाम डोडरेल, बेन द्वारशुइस, जैक एडवर्ड्स, मिकी एडवर्ड्स, मैथ्यू गिलकेस, रयान हैकनी, रयान हैडली, लियाम हैचर, जोश हेजलवुड, लचलन हर्न, मोइसेस हेनरिक्स, बैक्सटर होल्ट, डेनियल ह्यूजेस, हेडन केर, नाथन लियोन, ब्लेक निकितारस, जैक निस्बेट, कुर्टिस पैटरसन, विल साल्ज़मैन, डेनियल सैम्स, जेसन सांगा, तनवीर सांगा, लछलन शॉ, स्टीवन स्मिथ, मिशेल स्टार्क, क्रिस ट्रेमेन, इनर वर्मा, डेविड वार्नर और एडम ज़म्पा।

## बिग बैश लीग क्लब ब्रिस्बेन हीट से अलग हुए क्रिस लिन

बीएनएम@सिडनी

सिडनी। बिग बैश लीग क्लब ब्रिस्बेन हीट ने पिछले सीज़न में क्लब के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ क्रिस लिन का साथ अपना नाता तोड़ लिया है। लिन, जो बीबीएल के प्रमुख रन-स्कोरर भी हैं, को 11वें सीज़न के बाद क्लब से हटा दिया गया है। क्वींसलैंड क्रिकेट और ब्रिस्बेन हीट के सीईओ टेरी स्वेन्सन ने कहा, "क्रिस लिन और उनके प्रदर्शन ने क्लब पर एक अमिट छाप छोड़ी है, और एक दशक से अधिक समय में उनके प्रयासों का क्रिकेट पर सही रुप से सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।" उन्होंने आगे कहा, "हमें उन बच्चों की एक पीढ़ी पर उनके प्रभाव को कृतज्ञतापूर्वक स्वीकार करना चाहिए जो उनकी बल्लेबाजी के कारनामों से रोमांचित हुए हैं।" उन्होंने कहा, "द हीट उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता है, हम क्वींसलैंड में खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए उन्हें तहे दिल से धन्यवाद देते हैं।" लिन बीबीएल के इतिहास में एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने 3,000 से अधिक रन बनाए हैं, ये रन उन्होंने हीट के लिए खेले गए 105 मैचों में बनाया है।



## नीतू ने रोमानिया की डुटा को हराया




बीएनएम@नई दिल्ली

### प्रतियोगिता में बुधवार को चार भारतीय खिलाड़ियों के होंगे मुकाबले

नई दिल्ली। आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 48 किग्रावर्ग में भारत की नीतू ने अपना पहला मुकाबला जीत लिया। नीतू ने रोमानिया की अनुभवी स्टेलुटा डुटा को आसानी से हराकर प्रतियोगिता के राउंड आफ 16 में जगह बना ली है मंगलवार को इस्तांबुल में चल रही आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत की दो बार की पूर्व विश्व युवा चैंपियन नीतू ने इस साल का अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए डुटा को 5-0 से हराया। अब शनिवार को अंतिम-16 दौर के मैच में नीतू का मुकाबला स्पेन की लोपेज मार्टा से होगा।

**लोपेज ने पहले दौर में वियतनाम की गुयेन थी थू नी को 5-0 से हराया। इससे पहले तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने सोमवार को लाइट मिडलवेट वर्ग में पूर्व चैंपियन चेन निएन चिन को हराकर चैंपियनशिप के राउंड आफ 16 में जगह बनाई थी।**

बुधवार को महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में चार भारतीय खिलाड़ियों के मुकाबले होंगे। 2019 एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली निकहत ज़रीन 52 किग्रा भार वर्ग के शुरुआती दौर में मैक्सिको की हेरेरा अल्वारेज के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेलेंगी। इसके अलावा भारत की मनीषा (57 किग्रा), परवीन (63 किग्रा) और स्वीटी (75 किग्रा) भी प्रतियोगिता के तीसरे दिन अपने मुकाबले खेलेंगी। मनीषा को पहले दौर में बाई मिली थी और वह दूसरे दौर में नेपाल की कला थापा से भिड़ेंगी जबकि परवीन और स्वीटी क्रमश: यूक्रेन की मारिया बोवा और इंग्लैंड की केरी डेविस से भिड़ेंगी।

# BNM Fantasy



## सपना चौधरी ने लखनऊ कोर्ट में किया सरेंडर

डांस का कार्यक्रम रद्द करने व टिकट का पैसा भी वापस नहीं करने के एक मामले में वांछित मशहूर डांसर सपना चौधरी ने मंगलवार को अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण किया। साथ ही अंतरिम जमानत पर रिहा करने की गुहार लगाई। एसीजेएम शांतनु त्यागी ने 25 मई तक के लिए अभियुक्ता सपना चौधरी को सशर्त अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। इनकी नियमित जमानत अर्जी पर उसी दिन सुनवाई होगी। सपना चौधरी मंगलवार को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे अदालत पहुंची थी। उन्होंने आत्मसमर्पण के साथ ही जमानत अर्जी भी पेश किया। अदालत ने इन्हें न्यायिक अभिरक्षा में लेने का आदेश दिया। फिर इनकी जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई।

## *पश्चिम बंगाल की सांसद नुसरत जहां समंदर किनारे हुईं बोल्ड*

पश्चिम बंगाल तृणमूल कांग्रेस की सांसद और बंगाली फिल्मों की अभिनेत्री नुसरत जहां ने राजनीति से लेकर अभिनय तक अपनी एक खास पहचान बनाई है। नुसरत अपने काम के साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरती हैं। नुसरत कभी अपनी शादी तो कभी बेटे तो कभी यश दासगुप्ता संग अपने रिलेशनशिप को लेकर इंटरनेट पर छाई रहती हैं। इन्हीं सब के साथ नुरसत अपनी बोल्ड पर्सनैलिटी के लिए भी जानी जाती हैं। वह अक्सर ही सोशल मीडिया पर अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर इंटरनेट का पारा हाई करती रहती हैं। इस बीच नुसरत की एक लेटेस्ट बोल्ड तस्वीर चर्चा में बनीं हुई है। सांसद नुसरत जहां ने इंस्टाग्राम आकउंट पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के जरिए एक बार फिर से नुसरत फैंस को हैरान करती दिख रही हैं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि नुसरत जहां ने ब्लू कलर की बिकिनी ब्रालेट पनही हुई है। इसके साथ ही उन्होंने लॉन्ग स्कर्ट कैरी की है जो उनको काफी डिफरेंट लुक दे रहा है। पहली फोटो में नुसरत अपने दोनों हाथ ऊपर करके पोज देती नजर आर हैं। तो वहीं दूसरी त्स्वीर में वह बीन बैग पर लेटी दिख रही हैं। इन दोनों ही तस्वीरों में उनके पोज ने सोशल मीडिया का पारा बढ़ा दिया है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को जहां कुछ फैंस काफी पसंद कर रहे हैं, तो वहीं कई उन्हें ट्रोल करते दिख रहे हैं। इस पर कमेंटर कर एक यूजर ने लिखा, 'उफ्फ मैं मरजावां।'



## सोशल मीडिया में छाईं मिस वर्ल्ड रही मानुषी छिल्लर

### *'पृथ्वीराज' का ट्रेलर रिलीज*



हाल ही में पीरियड ड्रामा फिल्म पृथ्वीराज का ट्रेलर रिलीज हुआ है, जिसे लोगों का भरपूर प्यार मिला है। इस सबसे भी बड़ी बात जो है, वह ये कि पृथ्वीराज से डेब्यू कर रहीं साल 2017 में मिस वर्ल्ड रहीं मानुषी छिल्लर की अदाकारी की बेहद तारीफ हो रही है। फिल्म में वह सुपरस्टार अक्षय कुमार के अपोजिट हैं। मानुषी इस फिल्म में पृथ्वीराज की प्रेमिका राजकुमारी संयोगिता का किरदार निभा रही हैं और वे इस बात से काफी खुश हैं कि दर्शकों ने उनके काम की जमकर तारीफ की है। पृथ्वीराज बहादुर राजा 'पृथ्वीराज चौहान' की ज़िंदगी और उनकी बहादुरी पर आधारित है। अक्षय उस महान योद्धा की भूमिका निभा रहे हैं, जिसने भारत पर हमला करने वाले क्रूर बादशाह मोहम्मद गोरी से देश को बचाने के लिए बहादुरी से लड़ाई लड़ी थी। मीडिया के साथ बातचीत में मानुषी ने कहा, "पृथ्वीराज के ट्रेलर में लोगों ने जो देखा और महसूस किया है, उसके आधार पर वे मेरे काम की तारीफ़ कर रहे हैं। यह डेब्यू मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है, और मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि मुझे बड़े पर्दे पर राजकुमारी संयोगिता का किरदार निभाने का मौका मिल रहा है।" वह कहती हैं, "देश के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक, अक्षय कुमार के अपोजिट अपने फ़िल्मी सफ़र की इस तरह शुरुआत करना बड़ी ज़िम्मेदारी की बात है और सच कहूं तो मैंने इस किरदार को पूरी ईमानदारी और सच्ची लगन के साथ निभाने के लिए अपनी ओर से पूरी कोशिश की है। " मानुषी कहती हैं, "मुझे अपने फोन और सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लगातार हौसला बढ़ाने वाले मैसेज मिल रहे हैं। यह मेरे करियर का बेहद खुशनुमा पल है और इस लम्हे को मैं हमेशा अपने दिल में संजोकर रखूंगी।" उल्लेखनीय है कि यशराज बैनर्स तले बनी फिल्म 'पृथ्वीराज' में अक्षय कुमार सम्राट पृथ्वीराज के किरदार में हैं, जबकि अभिनेत्री मानुषी छिल्लर राजकुमारी संयोगिता के किरदार में हैं। वहीं संजय दत्त 'काका कन्ह' के किरदार में और सोनू सूद राजकवि चंद बरदाई के किरदार में नजर आएंगे। इन सबके अलावा आशुतोष राणा और साक्षी तंवर भी फिल्म में दिखाई देंगे।